दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फाइटर....



जाह्नवी सूर्या संग लड़ाएंगी इश्क......

वर्ष : 10 | अंक : 51 | लखनऊ, 30 जनवरी, मंगलवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 17.c

न्यूनतम तापमान 8.c

**बाजार**

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 71,657.71

निफ्टी 21,618.70

# गुरुओं को शीश नवा अयोध्या पहुंचे योगी, रामलला और हनुमानगढ़ी के किये दर्शन

## एक महीने में पांचवीं बार मुख्यमंत्री ने किया श्रीरामलला का दर्शन पूजन

– श्रीराममंदिर में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का सीएम ने लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान के दर्शन कर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के दर्शन किये। मुख्यमंत्री ने इस दौरान यहां पर श्रद्धालुओं के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएम योगी गोरखपुर में अपने गुरुओं को शीश नवाकर दोपहर में अयोध्या पहुंचे।



सोमवार को रामनगरी पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने सीएम योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। जनवरी माह में सीएम योगी का रामनगरी का यह छठवां दौरा है। इससे पहले मुख्यमंत्री 9 जनवरी, 14 जनवरी, 19 जनवरी, 21-22 जनवरी और 23 जनवरी को अयोध्या पहुंचे थे। सोमवार को मुख्यमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों से मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं के संदर्भ में ना केवल जानकारी ली, बल्कि खुद जमीनी स्तर पर व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। सीएम योगी ने इस दौरान दर्शनार्थियों से भी बातचीत करके फीडबैक लिया।

### रामलला के चरणों में लगाई हाजिरी

हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किए। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से व्यवस्था की जानकारी ली। सीएम योगी ने रामलला के मंदिर में भी प्रभु श्रीराम से प्रदेशवासियों के सुख और समृद्धि की कामना की।

# दिल्ली पुलिस के ट्रेनिंग स्कूल में हुआ भीषण हादसा

200 चार पहिया और 250 दो पहिया वाहन आग की चपेट में आए

अमन लेखनी समाचार



**नई दिल्ली,** दिल्ली पुलिस के मालखाने में रविवार को भीषण हादसा हो गया है। ये हादसा इतना गंभीर था कि इसके बाद हर तरफ अफरा तफरी और हड़कंप मच गया। दिल्ली पुलिस के 500 गज के एरिया में आ लग गई, जिसकी चपेट में आकर लगभग 200 चार पहिया और 250 दो पहिया वाहन आग की चपेट में आ गए। आग की चपेट में आने के बाद सभी वाहन जलकर खाक में मिल गए है। जानकारी के मुताबिक दिल्ली के वजीराबाद में पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में देर रात भीषण आग लग गई। इसकी सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 8 गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। हालांकि आग काफी भीषण थी, जिसकी चपेट में सौंकड़ों गाड़ियां आ गई थी। दमकल विभाग की टीम ने सुबह करीब 4:15 बजे आग पर काबू पाया। इस हादसे के कारण करीब 200 चार पहिया और 250 दोपहिया वाहन आग की चपेट में आए थे। हालांकि अब तक ये जानकारी नहीं मिली है कि आग लगने के पीछे कारण क्या रहे थे। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। आग लगने की इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है, जिसकी जानकारी दिल्ली अग्निशमन विभाग ने दी है। बता दें कि ये आग दिल्ली पुलिस के वजीराबाद पुलिस स्टेशन के मालखाने में लगी थी। इस आग को बूझाने के लिए दमकल कर्मियों को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्य प्रदेश ने पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक नहर परियोजना के लिए केंद्र, राजस्थान के साथ समझौता किया

मध्य प्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच रविवार को 75,000 करोड़ रुपये की संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चंबल पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) पर त्रिपक्षीय समझौता हुआ। मध्य प्रदेश सरकार ने एक विज्ञप्ति में कहा कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में नयी दिल्ली में समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर के बाद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह परियोजना आकार लेगी जो करीब दो दशक से अटकी हुई थी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से मध्य प्रदेश के चंबल और मालवा क्षेत्र के 13 जिलों को फायदा मिलेगा।

### आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा: दिग्विजय सिंह ने बताई ये वजह

नई दिल्ली, मध्य प्रदेश से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने से इनकार किया है। सिंह ने शनिवार को राजगढ़ जिले के खिलचीपुर शहर में संवाददाताओं से कहा, चुनाव लड़ने का सवाल ही नहीं उठता क्योंकि मैं राज्यसभा का सदस्य हूं और अभी भी (राज्यसभा के कार्यकाल में) दो साल से अधिक का समय बाकी है। दिग्विजय सिंह ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भोपाल लोकसभा सीट से किस्मत आजमाई थी लेकिन उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने 3.65 लाख मतों के अंतर से हरा दिया था। सिंह ने 1984 और 1991 में राजगढ़ लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि राजगढ़ से उम्मीदवार का फैसला कांग्रेस करेगी। मौजूदा लोकसभा में राज्य की 29 सीट में से 28 पर भाजपा का कब्जा है जबकि एक सीट कांग्रेस के पास है।

### लालू प्रसाद पूछताछ के लिए पटना में ईडी कार्यालय में पेश हुए, बेटी मीसा भी मौजूद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाला मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को पटना में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यालय पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राजद सुप्रीमो के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी मौजूद थीं और वे सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजकर पांच मिनट पर ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी कार्यालय में लालू को प्रवेश कराने के बाद भारती ने पत्रकारों से कहा, जब भी कोई केंद्रीय जांच एजेंसी हमारे परिवार के किसी सदस्य को पूछताछ के लिए बुलाती है तो हम वहां जाते हैं और उनके साथ सहयोग करते हैं और उनके सभी सवालों का जवाब देते हैं। लालू के पहुंचने पर पटना ईडी कार्यालय के बाहर मौजूद उनके समर्थकों और पार्टी नेताओं ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अपने विरोधियों के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों का गलत इस्तेमाल करने का आरोप लगाया।

# ईडी दफ्तर में लालू यादव से पूछताछ, भाजपा-राजद में बीच वार-पलटवार

अमन लेखनी समाचार


पटना, बिहार में बड़े सत्ता परिवर्तन के एक दिन बाद, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के संरक्षक लालू प्रसाद यादव नौकरी के बदले जमीन मामले में पूछताछ के लिए आज सुबह पटना में प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय पहुंचे। 75 वर्षीय नेता के साथ उनकी बेटी मीसा भारती भी भ्रष्टाचार मामले में आरोपी थीं। यह मामला 2004 और 2009 के बीच रेल मंत्री के रूप में यादव के कार्यकाल के दौरान कथित अनियमितताओं से संबंधित है। यह आरोप लगाया गया है कि अनुभवी राजनेता और अन्य आरोपियों ने नौकरी चाहने वालों को औने-पौने दाम पर यादव परिवार के सदस्यों के नाम पर जमीन हस्तांतरित करवा दी। राजद सांसद और लालू प्रसाद यादव की बेटी डॉ. मीसा भारती ने कहा कि यह कोई नई बात नहीं है। यह ग्रीटिंग कार्ड उन लोगों को भेजा जा रहा है जो अपने साथ नहीं आ रहे हैं. जब भी कोई एजेंसी हमारे परिवार को बुलाती है तो हम वहां जाकर उनका सहयोग करते हैं और उनके सवालों का जवाब देते हैं। उन्होंने कहा कि सब कुछ देश के सामने है और देश की जनता सब देख रही है। राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि यह ईडी का समन नहीं है, बल्कि बीजेपी का समन है।

# अपनी क्षमता पर रखें भरोसा, हमें हर हाल में निर्णायक होना जरूरी : पीएम मोदी

अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में 'परीक्षा पे चर्चा' के 7वें संस्करण को संबोधित किया। इन दौरान मोदी ने कहा कि हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप उस स्थान पर आए हैं, जहां भारत मंडपम के प्रारंभ में दुनिया के सभी बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं ने दो दिन बैठकर विश्व के भविष्य की चर्चा की थी। और आज आप भारत के भविष्य की चिंता अपनी परीक्षाओं की चिंताओं के साथ-साथ करने वाले हैं। एक प्रकार से परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम मेरे लिए भी परीक्षा होता है। आपमें से बहुत से लोग हैं जो हो सकता है मेरी परीक्षा लेना चाहते हों।

मोदी ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा का ये सांतवा एपिसोड है। ये प्रश्न हर बार आया है और अलग-अलग तरीके से आया है। इसका मतलब ये है कि सात सालों में सात अलग-अलग बैच इन परिस्थितियों से गुजरे हैं और हर नए बैच को भी इन्हीं समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों के बैच बदलते हैं लेकिन शिक्षकों के बैच नहीं बदलते। यदि शिक्षकों ने मेरे अब तक के एपिसोड्स की बातों का कुछ न कुछ अपने स्कूल में संबोधन किया हो तो शायद हम इस समस्या को धीरे-धीरे कम कर सकते हैं।



नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपके दोस्त से आपको किस चीज की स्पर्धा है? मान लीजिए 100 नंबर का पेपर है। आपका दोस्त अगर 90 नंबर ले आया तो क्या आपके लिए 10 नंबर बचे? आपके लिए भी 100 नंबर हैं। आपको उससे स्पर्धा नहीं करनी है आपको खुद से स्पर्धा करनी है... उससे द्वेष करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि असल में वो आपके लिए प्रेरणा बन सकता है। अगर यही मानसिकता रही तो आप अपने से तेज तरार व्यक्ति को दोस्त ही नहीं बनाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी शिक्षक के मन में जब ये विचार आता है कि मैं छात्र के इस तनाव को कैसे दूर करूं?... अगर शिक्षक और छात्र का नाता परीक्षा के कालखंड का है तो सबसे पहले वो नाता सही करना चाहिए। छात्र के साथ आपका नाता पहले दिन से परीक्षा आने तक निरंतर बढ़ते रहना चाहिए तो शायद परीक्षा के दिनों में तनाव की नौबत ही नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल का जमाना है... क्या कभी किसी छात्र ने आपको फोन किया है?... जिस दिन आप पाठ्यक्रम से आगे निकलकर उससे नाता जोड़ोगे तो वो अपनी छोटी-मोटी समस्याओं में भी आपसे अपनी मन की बात करेगा।

मोदी ने कहा कि जब किसी भी शिक्षक के मन में यह विचार आता है कि वह छात्र का तनाव कैसे दूर करें?... पहले दिन से लेकर परीक्षा तक आपका और छात्र का रिश्ता बेहतर बना रहना चाहिए, तभी शायद परीक्षा के दौरान तनाव नहीं होगा। दिन... जिस दिन शिक्षक पाठ्यक्रम से आगे बढ़कर छात्रों के साथ संबंध स्थापित कर लेंगे, वे अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के बारे में भी आपसे अपने मन की बात करेंगे।

# भाजपा वोट नहीं देने पर ईडी, सीबीआई को लोगों के घर भेजने की धमकी दे रही: ममता

अमन लेखनी समाचार

कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह लोगों को धमकी दे रही है कि अगर उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव में उसे वोट नहीं दिया तो उनके घर केंद्रीय जांच एजेंसियों को भेज दिया जाएगा। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कूच बिहार में स्थानीय लोगों, विशेषकर राजबोंग्शियों को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि उनके नाम मतदाता सूची में हों ताकि वे संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) से खुद को बचा सकें। बनर्जी ने यहां एक सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम में कहा, भाजपा, चुनाव के लिए केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है... वह लोगों को फोन करके धमकी दे रही है कि अगर उन्होंने उसे वोट नहीं दिया तो प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों को उनके घर भेज दिया जाएगा।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने साथ ही कहा कि वह किसी विशेष भगवान की पूजा करने के भाजपा के किसी भी फरमान का पालन नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, मैं रामायण, कुरान, बाइबिल और गुरु ग्रंथ साहिब का अनुसरण करती हूं...मैं गरीबों के घर जाकर, बाहर से आया खाना खाने का नाटक नहीं करती। भाजपा शासित मणिपुर में जातीय हिंसा का हवाला देते हुए



उन्होंने दावा किया कि पूर्वोत्तर राज्य में हिंसा के दौरान 200 से अधिक गिरिजाघरों को जला दिया गया ओर कई महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाया गया। उन्होंने दावा किया कि क्रिसमस की छुट्टियां भी रद्द कर दी गईं। बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्र राजनीति करने के लिए लोकसभा चुनाव से पहले सीएए का मुद्दा उठा रहा है। उन्होंने कहा, उन्होंने (भाजपा ने) फिर से सीएए के बारे में बोलना शुरू कर दिया है। यह राजनीति के अलावा कुछ नहीं है। हमने सभी को नागरिकता दी है (और) उन्हें (सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को) सब कुछ मिल रहा है।

वे नागरिक हैं, इसलिए उन्हें वोट देने का अधिकार है। इससे पहले दिन में, केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने दावा किया कि सीएए एक सप्ताह के भीतर देश में लागू कर दिया जाएगा। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री ठाकुर ने दक्षिण 24 परगना जिले के काकद्वीप में एक जनसभा में कहा, अगले एक सप्ताह में न केवल पश्चिम बंगाल में, बल्कि पूरे देश में सीएए लागू कर दिया जाएगा। कूचबिहार में कार्यक्रम में, बनर्जी ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पर लोगों को प्रताड़ित करने और सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को अलग पहचान पत्र जारी करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने स्थानीय लोगों को आगाह किया कि वे बीएसएफ से ऐसे पहचान पत्र स्वीकार न करें, अन्यथा वे एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक पंजी) के जाल में फंस जाएंगे।

टीएमसी सुप्रीमो ने कहा, बीएसएफ लोगों पर अत्याचार कर रही है... वह सीमावर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को अलग पहचान पत्र जारी करने की कोशिश कर रही है।

# कश्मीर में बर्फबारी से आई पर्यटकों के चेहरे पर खुशी की लहर

अमन लेखनी समाचार

श्रीनगर। कश्मीर में बर्फबारी से पर्यटन क्षेत्र में प्रसन्नता दिख रही है, पर्यटकों और पर्यटन से जुड़े स्थानीय लोगों के चेहरे पर खुशी है। अच्छी बर्फबारी के अभाव में पर्यटन उद्योग पिछले कुछ महीनों से प्रभावित था। यहां आने वाले कई पर्यटकों ने अपनी यात्रा रद्द कर दी थी। घाटी में पर्यटकों के आगमन पर आमतौर पर गुलमर्ग जैसे रिसॉर्ट्स में पर्यटकों की संख्या अधिक होती है, लेकिन बर्फ के अभाव में यह संख्या कम हो गई, जोकि घाटी में पर्यटन के हितधारकों के लिए चिंता का विषय है। हालांकि, 40 दिनों की कठोर सर्दियों वाले चिल्ला-ए-कलां के अंत में बर्फबारी ने पर्यटकों और पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों को खुश कर दिया है। बच्चों सहित सैकड़ों पर्यटक गुलमर्ग और सोनमर्ग रिसॉर्ट्स में बर्फबारी का आनंद ले रहे हैं। कोलकाता के एक पर्यटक जोड़े अनिंदा और देओतिमा ने गुलमर्ग में कहा, हमने 23 जनवरी के लिए टिकट बुक किए थे, लेकिन पूवानुमान देखने के बाद हमने अपनी यात्रा स्थगित कर दी। हम 25 जनवरी को यहां पहुंचे और किस्मत से हमें बर्फबारी देखने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि बर्फबारी के बाद कश्मीर सचमुच स्वर्ग जैसा दिखता है।

# एक भी आरक्षित पद अनारक्षित नहीं किया जाएगाः प्रधान ने यूजीसी दिशा-निर्देश विवाद पर कहा

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली।** उच्च शिक्षा संस्थानों में आरक्षित पदों को भरने पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा दिशानिर्देशों पर विवाद के बीच, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को स्पष्ट किया कि एक भी आरक्षित पद अनारक्षित नहीं किया जाएगा। प्रधान ने कहा कि केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान (शिक्षक संवर्ग में आरक्षण) अधिनियम, 2019 के आने के बाद आरक्षण में अस्पष्टता की कोई गुंजाइश नहीं है। प्रधान ने पीटीआई-भाषा को बताया, ह्लएक भी आरक्षित पद अनारक्षित नहीं किया जाएगा। केंद्रीय शैक्षणिक संस्थान (शिक्षक संवर्ग में आरक्षण) अधिनियम, 2019 के बाद अस्पष्टता की कोई गुंजाइश नहीं है।ह्व विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के एक मसौदा दिशानिर्देशों



में प्रस्ताव किया गया है कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) या अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रिक्तियां इन श्रेणियों के पर्याप्त उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अनारक्षित घोषित की जा सकती हैं। मसौदा दिशानिर्देशों को आलोचना का सामना करना पड़ा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि उच्च शिक्षा संस्थानों में पदों पर एससी, एसटी और ओबीसी को दिए गए आरक्षण को समाप्त करने की साजिश की जा रही और (नरेन्द्र) मोदी सरकार दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के मुद्दों पर केवल प्रतीक की राजनीति कर रही है। जेएनयू छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने इस मुद्दे पर यूजीसी अध्यक्ष एम जगदीश कुमार के खिलाफ सोमवार को विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

# मोदी के दृष्टिकोण के कारण स्टैच्यू ऑफ यूनिटी अब प्रमुख पर्यटन स्थल : जयशंकर

अमन लेखनी समाचार

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के प्रयासों के कारण ही गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी एक प्रमुख पर्यटन स्थल बन गया है और इसकी वजह से स्थानीय आदिवासी युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा हुए हैं। जयशंकर ने गुजरात के नर्मदा जिले में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के पास एकता नगर में आतिथ्य क्षेत्र में स्थानीय आदिवासी युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए समर्पित एक कौशल केंद्र का उद्घाटन किया और वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। राज्य सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार टाटा समूह की कंपनी आईएचसीएल द्वारा शुरू किए गए इस आतिथ्य कौशल केंद्र में सालाना 120



आदिवासी युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। एकता नगर में खोला गया यह इस तरह का दूसरा कौशल विकास केंद्र है। गौरतलब है कि गुजरात से राज्यसभा सदस्य जयशंकर ने सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत आदिवासी बहुल नर्मदा जिले के चार गांवों को गोद लिया है। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज गुजरात के एकता नगर में आईएचसीएल आतिथ्य कौशल केंद्र के उद्घाटन में भाग लेने पर खुशी हुई। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी लगातार बढ़ते पर्यटकों के साथ एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में उभरा है। होटल सहित पर्यटकों के लिए सुविधाओं का निर्माण एक स्वाभाविक परिणाम है। ऐसी सुविधाओं के लिए कुशल मानव संसाधन सुनिश्चित करना अब अगला कार्य है। उन्होंने कहा, यह देखकर बहुत खुशी हुई कि आईएचसीएल केंद्र ने काम करना शुरू कर दिया है। इसमें प्रशिक्षण के लिए चुने गए पहले बैच के साथ बातचीत की। मोदी सरकार के पर्यटन को बढ़ावा देने से क्षेत्र के इन युवाओं को नए अवसर मिले हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक जयशंकर ने केंद्र के उद्घाटन के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विदेशी पर्यटकों के बीच स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की बढ़ती लोकप्रियता के मद्देनजर आतिथ्य क्षेत्र में युवाओं को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण ने सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, जब मैं पहली बार गुजरात से राज्यसभा सदस्य बना, तो प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि मैं नर्मदा जिले का दौरा करूं। इस पांच वर्ष की अवधि में नर्मदा जिले का विकास वास्तव में प्रभावशाली है। उन्होंने कहा कि स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर ने कई आदिवासी परिवारों के लिए रोजगार के अवसर पैदा किए हैं।

## संक्षेप

### युवक ने महिला को पीटा, मुकदमा दर्ज

निगोहां-मस्तीपुर गांव निवासी महिला विन्देश्वरी ने बताया पड़ोसी सचिन को दौ सौ रुपए उधार दिया था, रविवार की सुबह अपने उधार दिये पैसे मांगे तो गन्दी-गन्दी गालिया देने लगा विरोध करने पर बुरी तरह पिटाई करने के बाद दोबारा पैसे मंगाने पर जान से मारने की धमकी दी।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के विरूद्व मारपीट, जान से मारने की धमकी की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की हुई मौत

मोहनलालगंज लखनऊ, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ रायबरेली हाईवे पर एक ढाबे के पास एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई युवक के साथी उसे नजदीकी मोहनलालगंज स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है इंस्पेक्टर मोहनलालगंज आलोक राव ने बताया कि मृतक अभिषेक साहू पुत्र छोटेलाल साहू निवासी भूमि थाना बरेला जनपद जबलपुर मध्य प्रदेश उम्र करीब 30 वर्ष जो एक निजी बस एम पी 20 जेड के 7978 जो मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जनपद जबलपुर से बारात लेकर मोहनलालगंज स्थित एक रिजार्ट में आई थी मृतक अभिषेक को सीएचसी मोहनलालगंज से मृत अवस्था में लाये जाने की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक भुवाल सिंह द्वारा मृतक के पंचायतनामा की कार्रवाई की गई एवं शव को पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस केजीएमयू लखनऊ भेजा गया। मृतक बस में खलासी का काम करता था एवं शराब के नशे में था जो मंगलम ढाबे के पास मृत अवस्था में पड़ा मिला था जिसको साथी ड्राइवर गणेश प्रसाद द्वारा सीएचसी मोहनलालगंज अस्पताल ले जाया गया था जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया

# आशियाना में व्यापारी के घर बदमाशों ने बोला धावा, किया 14 लाख का माल पार

**पड़ोसियों ने मचाया शोर तो धमकाते हुए बदमाश भागे**

**पुलिस नीचे खड़ी होकर देखती रही तमाशा, बदमाश सामने से भाग निकले**

**अमन लेखनी समाचार**





लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में थाने से चंद कदम दूर डॉक्टर के घर हुई 31 लाख की चोरी का अभी पुलिस खुलासा भी नही कर पाई की एकबार फिर बेखौफ बदमाशों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस बार बदमाशों ने व्यापारी के घर को निशाना बनाया और 12 लाख के जेवरात व डेढ़ लाख नगद पार कर दिए। बदमाशों की आहट सुनकर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दे दी और एकत्र होकर शोर मचा दिया तो बदमाश वहां से भाग निकले। वहीं मौके पर पहुँची पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देखती रही। संजय आहूजा पत्नी रीना और मंशा के साथ आशियांना के सेक्टर जी में रहते हैं और सेलो फर्नीचर के होल सेल व्यापारी हैं। उन्होंने बताया कि बीते बुधवार को वह परिवार सहित शिरडी के साई बाबा दर्शन करने गए थे। शुक्रवार रात उनके पड़ोसी मनीष गर्ग से ने सूचना दी कि संजय के घर में कुछ बदमाश घुसकर चोरी कर रहे हैं और पुलिस को सूचना दे दी गई है। शनिवार रात संजय अपने परिवार के साथ आशियांना पहुंचे तो पता चला कि 12 लाख के जेवरात और डेढ़ लाख नगद गायब था। उन्होंने तुरंत आशियांना इंस्पेक्टर को इस बात की जानकारी दी।

### पुलिस व्यापारी को टहलाती रही

आरोप है कि पुलिस रविवार को दिनभर पीड़ित को टहलाती रही और जांच के बाद मुकदमा दर्ज करने की बात कही। सोमवार दोपहर इंस्पेक्टर आशियांना छत्रपाल सिंह मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुकदमा दर्ज करने की बात कही।

### पड़ोसियों ने संभाला मोर्चा, पुलिस बनी तमाशबीन

पड़ोस के रहने वाले मनीष गर्ग ने बताया कि जैसे ही उन्होंने बदमाशो द्वारा की जा रही तोड़फोड़ की जानकारी हुई तो उन्होंने मोहल्ले में शोर मचाकर सबको एकत्र कर दिया और पुलिस को भी सूचना दे दी।मुके पर पहुंची पुलिस मूकदर्शक बनकर तमाशा देखती रही और मोहल्ले वाले बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया लेकिन बदमाश भागने में कामयाब रहे।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए बदमाश

मोहल्ले में कई जगह से पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज बरामद किए हैं जिनमें दो बदमाश कूदते हुए दिखे हैं। मोहल्ले वालों का कहना है कि जब सभी ने शोर मचाया तो बदमाशों ने खिड़की से झांका और फिर छत के रास्ते भाग निकले। आशियांना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दबिश दी गई है, कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

# नेशनल हाईवे पर गड्ढे लोगों के लिए बन रहे काल

**अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह चौहान**



बंथरा। लखनऊ कानपुर रोड स्थित थाना बंथरा के अंतर्गत हनुमान मंदिर चौराहा पर जल भराव और गढढो की समस्या हमेशा से बनी हुई है आए दिन कोई ना कोई गाड़ी पलट जाती है इसके कारण अनेकों दुर्घटनाएं होती रहती हैं मुख्यमंत्री जी का गड्ढा मुक्त सड़क का अभियान यहां पर विफल होता दिखाई पड़ रहा है जल भराव और गढढो की यह समस्या किसी भी आला अधिकारी को नहीं दिखाई पड़ रही है आए दिन लोगों को जाम एक्सीडेंट जैसे परेशानियों से जूझना पड़ रहा है गढढो और जल भराव की समस्या के कारण कई लोगों को इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पडती है।

# कालर ने युवक से खाते में गलती से पैसे जाने का झांसा देकर लौटवाए रुपए

**अशलील फोटोवायरल करने की दी धमकी,**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले युवक को कालर ने गलती से उसके खाते में पैसे जाने की बात कह रुपए लौटवा लिया। आरोप है कि उसके बावजूद कालर युवक की अशलील फोटो सोशलमीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित आशुतोष नगर निवासी सूरज वर्मा पुत्र राकेश कुमार वर्मा के अनुसार उसके मोबाइल फोन पर अज्ञात मोबाइल फोन नम्बर से कालर ने मैसेज के लिंक पर उसके फेडरल बैंक एकाउन्ट नम्बर पर 15 सौ रुपए जाने की बात कही जिसपर उसने कालर के बताए नम्बर पर पैसा ट्रांसफर कर दिया। आरोप है कि कालर ने उसके कुछ दिन बाद उसी अज्ञात फोन नम्बर से उसे अशलील फोटो भेज ब्लैकमेल करने के साथ धमकी देता था। वही पीड़ित के अनुसार कालर उसे एकाउण्ट नं या लिंक पर पैसे नही भेजा तो सारे रिश्तेदारो एंव जानने वालो को फोटो वायरल करने की धमकी देने के साथ बीते 24 दिसम्बर को कालर ने उसके एकाउण्ट मे 72968रु विभिन्न खातो से भेज उससे कई अन्य खातो में वापिस लेने के साथ पीड़ित से 13562 रुपए विभिन्न तिथियो एंव खातो में लने के साथ उसकी फर्जी अशलील फोटो ऐडिट कर फेसबुक व्याटसफ इन्सटाग्राम पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। वही पीड़ित के अनुसार उसने साइबर सेल सहित स्थानीय थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीड़ित की शिकायत पर आईटी एक्ट सहित धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच जा रही है।

# पीएनसी कंपनी के अधिकारी द्वारा बेचा जा रहा अवैध रूप मिट्टी

**जहां उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं वहां पर पीएनसी कंपनी द्वारा अवैध तरीके से खुले आम मिट्टी को चोरी चोरी छुपे बेचा जा रहा है**

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ। पीएनसी कंपनी के अधिकारी जहां एक और रोड बनाने के लिए मिट्टी ना मिलने का रोना रोते हैं, वहीं दूसरी तरफ कंपनी के ही कुछ अधिकारी मिट्टी को अवैध रूप से बेचने में जुटे हैं। बताते चलें कि कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी द्वारा एलिवेटेड रोड निर्माण के लिए कानपुर रोड पर पिलर ढलाई को लेकर खोदी गई मिट्टी को निकाल कर बनी गांव के पास एक एक जगह इकट्ठा की जा रही है। जहां पर इस मिट्टी का काफी बड़ा ढेर लगा है। लेकिन सोमवार को कंपनी के ही कुछ लोगों द्वारा चोरी छुपे अवैध रूप से मिट्टी बेच दी गई। यह मिट्टी बनी गांव में रहने वाले एक व्यक्ति के हाथों बेची गई, जो जेसीबी और ट्रैक्टर लगाकर अपने घर पर डलवाता नजर आया। इस संबंध में पीएनसी के अधिकारी एसपीएम दिलीप से बात की गई तो उन्होंने कहा कि गांव के व्यक्ति को मिट्टी की जरूरत थी। इसलिए उसको दे दिया गया है यह कह कर फोन काट दिया। बाद में जब एसडीएम से फोन पर इसकी शिकायत की गई तो उन्होंने शिकायती पत्र देने की बात कहते हुए कहा कि शिकायत मिलने पर इसकी जांच कराई जाएगी। बताते हैं कि पीएनसी कंपनी द्वारा बिना मुआवजा दिए ही किसानों की जमीनों पर निर्माण किया जा रहा है। मुआवजा पाने को लेकर किसान दर-दर भटक रहे हैं। लेकिन उन्हें अब तक मुआवजा नहीं दिया गया। इसके अलावा पीएनसी कंपनी ने बनी गांव की पुरानी रोड से अपनी गाड़ियां निकाल कर इतना जर्जर कर दिया कि लोगों का निकलना दुश्वार हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर इस पर ध्यान ना दिया गया तो जल्द ही वह धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे। इसकी जिम्मेदार पीएनसी और प्रशासन के लोग होंगे। जहां उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं वहां पर पीएनसी कंपनी द्वारा अवैध तरीके से खुले आम मिट्टी को चोरी चोरी छुपे बेचा जा रहा है

# उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एकता मंच के तहत 15 सूत्रीय मांगो को लेकर किया प्रदर्शन



**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, आलमबाग स्थित धरना स्थल ईको गार्डेन में सोमवार सुबह प्रदेश भर से एकजुट हुए आपदा मित्रो ने उत्तर प्रदेश आपदा मित्र एकता मंच के बैनर तले नियुक्ति के बावजूद मानदेय न मिलने एवं दुर्घटना बिमा राशि की बढ़ोत्तरी की मांग समेत 13 अन्य मांगो को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन कर नारे बाजी करते रहे प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे संगठन के महामंत्री अखिलेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि जून 2023 में आपदा मित्रो के लिए एसडीएमए का स्थापना मुख्यमंत्री द्वारा किया गया जिसके अध्यक्ष भी मुख्यमंत्री हैं इस विभाग के संगठन के बाद तहसील द्वारा काम लिया जाता है और नियुक्ति दी जाती है जिसका उन्हें किसी प्रकार का कोई मानदेय नहीं मिलता और न ही किसी प्रकार की कोई सुविधा या आवागमन खर्च मिलता है बीते वर्ष 29 सितम्बर धरना प्रदर्शन के बाद आपदा मित्रो को मात्र पांच रुपए का दुर्घटना बिमा स्वीकृत किया गया कई आपदा मित्र सेवा दौरान मौत ग्रास में समा चुके है इसके बावजूद उनके परिवारीजनों को दुर्घटना बिमा का धनराशि नहीं प्राप्त हुए जिन मांगो की पूर्ति को लेकर आज हमसभी एकजुट हुए हैं हमारी मांगे पूरी न होने पर हमलोगो का धरना और विशाल होगा साथ ही कोर्ट का भी सहारा लेंगे चौकी प्रभारी के माध्यम से मांगो का ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा गयो

# जनता लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएगी - अखिलेश यादव

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, चरम पर है। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में पूरी तरह विफल रही। पिछले दस साल में महंगाई कई गुना बढ़ गयी है। डीजल, पेट्रोल, गैस सिलेण्डर, खेती-किसानी के सामान, खाद-बीज, दवाई, पढ़ाई, सब कुछ महंगा हो गया है। महंगाई से आम जनता त्रस्त है। महंगे सिलेण्डर के कारण परिवारों के लिए खाना-पीना बनाना दूभर हो गया है। भाजपा सरकार में महंगाई इस कदर बढ़ गई है कि गरीब परिवार रसाई गैस, सिलेण्डर, रिफिल नहीं करवा पा रहे हैं। माताएं, बहनें लकड़ियां तोड़कर चूल्हा जलाने पर मजबूर है। लोगों के लिए जीवनयापन का संकट है। एक तरफ बढ़ती महंगाई का कहर है दूसरी तरफ सरकार लोगों को नौकरी रोजगार नहीं दे रही है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है। गांवो में 90 फीसदी नौजवान बेरोजगार है। हालात यह है कि रोजी-रोटी की तलाश में युवा युद्धग्रस्त देश जाने पर मजबूर है। भाजपा की केन्द्र और प्रदेश की सरकार आम जनता से झूठे वादे करती रही लेकिन वादो को पूरा नहीं किया। भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी ने जनता की कमर तोड़ दी है। जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाएगी। भाजपा लोकसभा चुनाव हारेगी।

# सदिग्धं परिस्थितियों में हाइवे किनारे पड़ा मिला शव

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। फत्तेखेड़ा में स्थित शिवगढ रिसार्ट में बीते रविवार की रात मध्यप्रदेश के करेली से बारात आई थी, बारातियों को लेकर आयी बस को चालक गनेश प्रसाद ने रिसार्ट के बाहर खड़ा कर दिया? ।जिसके बाद खलासी अभिषेक साहू (28वर्ष) निवासी भूमि थाना बरेला जनपद जबलपुर, मध्यप्रदेश बस से उतरने के बाद कही चला गया ।देर रात खलासी के वापस ना लौटने पर चालक गनेशी प्रसाद ने उसका फोन मिलाया लेकिन उठा नही ।सोमवार की सुबह चालक अपने साथी संग खलासी को खोजने निकला तो करीब एक किलोमीटर दूर एक ढाबे के पास खून से लतपथ मरणासन्न हालत में अभिषेक सड़क किनारे पड़ा मिला ।जिसके बाद आनन फानन एम्बुलेंस की मदद से दोनो खलासी को इलाज के लिये मोहनलालगंज सीएचसी लेकर पहुंचे जहां मौजूद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने फोन कर परिजनो को सूचना देने के बाद मृतक खलासी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा ।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है मृतक खलासी ने अत्यधिक शराब पी रखी थी, शराब पीकर हाइवे पर पैदल ही जाने के दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गयी होगी।

# सरोजनीनगर विधान सभा के जोन - 2 में सपा द्वारा सभी बूथों का किया गया सत्यापन

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर लखनऊ। सपा द्वारा सोमवार को सरोजनीनगर विधान सभा के जोन - 2 में ऐन, काजी खेड़ा, कंजा खेड़ा, कन्नी खेड़ा, नानमऊ, गोंदौली और सादुल्ला नगर के सभी बूथों का सत्यापन किया गया। सपा प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य चौधरी ज्ञान सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सेक्टर प्रभारी संदीप पटेल व मोहम्मद इरफान के साथ पिछड़ा वर्ग प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ज्ञानेंद कुमार ज्ञानू (पीडीए यात्री) ने विशेष सहयोग किया। कार्यक्रम में ज्ञान सिंह यादव ने कहा कि बीजेपी हिटलर की तरह काम कर रही है। वह अपने विरोधियों को बर्बाद करने का काम करती है। उन्होंने कहा बीजेपी तो सिर्फ मुखौटा है, बल्कि असली कार्य आरएसएस का है। जो अपने गुरू गोवलकर की नीतियों पर काम करती है। इसलिए बीजेपी को हराना बहुत जरूरी हो गया है। ज्ञानेंद्र कुमार ज्ञानू ने कहा 2024 का चुनाव देश का संविधान और बच्चों के भविष्य को बचाने का चुनाव है। इसलिये इस बार समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट करके शिक्षा चिकित्सा और रोजगार बचाने का काम करना है। इस मौके पर बूथ 62 अध्यक्ष संदीप पटेल, 63 के विवेक पटेल, 61 के सलीम, 59 के बृजेंद्र प्रताप सिंह, 64 के अनूप कुमार पाल, 67 के आयुष वर्मा व फुरकान अली, सहित तमाम ग्रामीण भी मौजूद रहे।

# बेखौफ चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर गहने और लाखों रुपये की नगदी किया पार

सरोजनीनगर लखनऊ। बिजनौर इलाके में शनिवार रात घर के सभी लोग घर में ताला बंद कर बारात लेकर नगराम चले गए। तभी बेखौफ चोरों ने मकान का ताला तोड़कर अंदर रखे करीब 5 लाख रुपए कीमत के गहने और 3 लाख रुपये की नगदी उठा ले गए। वापस आने पर पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर चोरों का सुराग लगा रही है। बिजनौर के पटवारी मोहल्ला निवासी रोशन अमीर के मुताबिक शनिवार को उसकी शादी थी और परिवार के सभी सदस्य घर में ताला बंद कर शाम करीब 7 बजे घर से बारात लेकर नगराम चले गए। देर रात करीब 2 बजे वापस घर लौटे तो घर के अंदर दरवाजे की कुंडी टूटी मिली। अंदर जाकर देखा तो अलमारी और उसका लाकर भी टूटा हुआ था और उसके अंदर रखे करीब 5 लाख रुपए कीमत के गहने व 3 लाख रुपये की नगदी गायब मिली। आनन -फानन घटना की सूचना पुलिस को दी गई। बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास लगे सीसी टीवी कैमरों की मदद से चोरों का सुराग लगा रही है।

# बाउंड्री वॉल तोड़कर कब्जा करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

सरोजनीनगर लखनऊ क बिहार प्रांत के मिजार्पुर सारन स्थित ताल पुरैना निवासी सेना में तैनात अरुण कुमार सिंह ने सवार्नंद दुबे नामक व्यक्ति के साथ ही बिजनौर के औरंगाबाद जागीर निवासी बाबूलाल के खिलाफ बाउंड्री वॉल तोड़कर उसमें कब्जा करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सैन्य कर्मी अरुण कुमार सिंह का कहना है कि उसने 22 जुलाई 2021 को अपनी पत्नी शिल्पी सिंह के नाम बिजनौर में खसरा संख्या - 2636 घरौंधा इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक बाबूलाल से खरीदा था। उसके बाद दाखिल खारिज करा कर प्लाट को चारदिवारी से घिरवा दिया। आरोप है कि 17 दिसंबर 2023 को रात में स्वप्निल इंडिया के सवार्नंद दुबे द्वारा अवैध तरीके से बुलडोजर के जरिए बाउंड्री वॉल तोड़कर गिरा दी गई और उसे विस्थापित कर पुनः बाउंड्री वॉल बनाकर भूखंड का आधा हिस्सा अपने कब्जे में कर लिया। बाद में उस भूमि पर सड़क बनवा दी। आरोप है कि जब जानकारी होने पर 18 दिसंबर 2023 को बिजनौर थाने में मामले की तहरीर दी, तो सवार्नंद दुबे व बाबूलाल ने काफी डराया धमकाया और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सैन्य कर्मी का आरोप है कि स्वप्निल इंडिया द्वारा अगल-बगल नजूल की जमीनों पर भी कब्जा कर प्लाटिंग की जा रही है। फिलहाल सैन्य कर्मी अरुण कुमार सिंह की तहरीर पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जाँच कर रही है।

# सिंचाई विभाग के यांत्रिक संगठन द्वारा सिंचाई सुविधाओं को उन्नतशील बनाने हेतु नवाचारों को दिया जा रहा है बढ़ावा

**अमन लेखनी समाचार**



लखनऊ, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल मार्गदर्शन तथा जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के नेतृत्व में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग में लगातार नवाचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है. प्रदेश में स्थापित राजकीय नलकूपों एवं लघु डाल नहरों के संचालन एवं अनुश्रवण हेतु उन्नत एवं नवीन तकनीकों का अभिनव प्रयोग करके कृषकों को सिंचाई सुविधा का लाभ दिया जा रहा है। इसी क्रम में जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में आज यहां कैनाल कॉलोनी स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सिंचाई विभाग (यांत्रिक संगठन) द्वारा प्रदेश में स्थापित राजकीय नलकूपों एवं लघु डाल नहरों के संचालन एवं अनुश्रवण हेतु उन्नत एवं नवीन तकनीकों के अभिनव प्रयोग यथाझ जी.एस.एम. आधारित केन्द्रीयकृत कन्ट्रोल सिस्टम, सौर ऊर्जा संचालित राजकीय नलकूप, रिचार्ज वेल तथा सेल्फ प्राइमिंग पम्प स्थापित किए जाने के अभिनव प्रयोग के संबंध में प्रस्तुतिकरण किया गया।

जलशक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग (यांत्रिक) द्वारा जनपद लखनऊ एवं बाराबंकी के 10 अदद् राजकीय नलकूपों पर जी.एस.एम. आधारित कन्ट्रोल पैनल स्थापित करके मुख्यालय पर केन्द्रीयकृत कन्ट्रोल सिस्टम द्वारा राजकीय नलकूपों के अनुश्रवण किये जाने का अभिनव प्रयोग किया गया है। भविष्य में फेज वाइस प्रदेश के लगभग 35000 राजकीय नलकूपों, 254 लघु डाल नहरों एवं 30 वृहद व मध्यम पम्प नहरों के सुगम संचालन एवं अनुश्रवण हेतु जी.एस.एम. आधारित केन्द्रीयकृत कन्ट्रोल सिस्टम स्थापित किया जायेगा। जलशक्ति मंत्री ने बताया कि जनपद-लखनऊ के विकास खण्ड-मोहनलालगंज, ग्राम-रामपुर गढ़ी जमुनी में राजकीय नलकूप संख्या-84 एम०एल०जी० को सौर ऊर्जा से संचालित किये जाने का अभिनव प्रयोग किया गया है, जिससे विद्युत ऊर्जा की बचत होने के साथ ही साथ लो-वोल्टेज अथवा विद्युत आपूर्ति बाधित होने की दशा में भी राजकीय नलकूपों का संचालन अनवरत किया जा सकता है। भविष्य में अन्य राजकीय नलकूपों को भी सौर ऊर्जा से संचालित किया जायेगा। श्री स्वतंत्र देव सिंह ने बताया कि प्रदेश में संचालित 254 लघु डाल नहरों के सुगम संचालन हेतु ट्रायल के तौर पर जनपद लखनऊ के अकड़रियाकला पम्प नहर पर सेल्फ प्राइमिंग पम्प स्थापित किये जाने का अभिनव प्रयोग किया गया है, जिससे मानव श्रम को बचाने के साथ ही साथ पम्प की आयु तथा क्षमता में भी वृद्धि होगी। भविष्य में अन्य लघु डाल नहरों पर भी सेल्फ प्राइमिंग पम्प स्थापित किये जायेगें।

# विकासखंड टीम ने प्रधान संघ टीम को हराकर मैत्री क्रिकेट मैच जीता

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। प्रधान संघ व विकासखण्ड एकादश टीमो के बीच सोमवार को मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया ।प्रधान संघ व विकासखण्ड एकादश के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन कनकहा के आजाद मैदान में किया गया ।मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुये प्रधान संघ एकादश टीम ने 16ओवर में आठ विकेट खोकर 129रनो का स्कोर खड़ा किया ।प्रधान संघ टीम के अभिषेक दीक्षित ने सर्वाधिक 54रन बनायें ।जिसके बाद मैदान में उतरी विकासखण्ड टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुये 12ओवर में 6विकेट से मैच जीत लिया ।विकासखण्ड एकादश टीम के खिलाड़ी ब्लाककर्मी विमल यादव ने सर्वाधिक 65रन बनाकर मैन ऑफ मैच का खिताब अपने नाम किया ।मुख्य अतिथि बीडीओ पूजा सिंह ने विकासखंड एकादश की विजेता टीम व उपविजेता प्रधान एकादश की टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया ।मैत्री मैच में प्रधान संघ टीम के कप्तान भौदरी प्रधान देवेन्द्र सिंह व विकासखंड टीम के कप्तान सचिव राम बहादुर रहें ।क्रिकेट मैच का आयोजन कनकहा प्रधान मंशाराम द्वारा किया गया ।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य अरूण यादव, प्रधान संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, प्रधान अभय दीक्षित, प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी, प्रधान प्रतिनिधि विवेक अवस्थी, प्रधान विकास पटेल, शंशाक सिंह, शैश्व श्रीवास्तव, घनश्याम, हिमांशु त्रिपाठी, राज किशोर शुक्ला समेत काफी संख्या में प्रधान व ब्लाक कर्मचारी मौजूद रहें।


## संक्षेप

### बैंक में झंडा रोहण न होने से एसडीएम ने भेजा शिकायत पत्र

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। शनिवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर कस्बा स्थित बैंक ऑफ इंडिया में ध्वजारोहण ना किए जाने की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी।वायरल फोटो का संज्ञान लेते हुए एसडीएम रनवीर सिंह ने तत्काल मामले की जांच पड़ताल की थी। बैंक की बिल्डिंग में बिल्डिंग मालिक द्वारा ध्वजारोहण किए जाने की बात सामने आई थी।जिसपर एसडीएम रनवीर सिंह ने एलडीएम बैंक को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा था।एसडीएम के पत्र का संज्ञान लेते हुए एलडीएम सुनील वर्मा ने जेडएम को जांच कराए जाने के लिए पत्र भेजा हैं।

### मेधावी छात्रों को दी गई छात्रवृति




अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव।नगर पंचायत स्थित अशासकीय सहायता प्राप्त कमलापति इंटर कॉलेज में विद्यालय के पूर्व छात्र धर्मेंद्र त्रिवेदी द्वारा चलाई जा रही राम बिहारी त्रिवेदी स्मृति मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। कमलापति इंटर कॉलेज के पूर्व छात्र रहे धर्मेंद्र त्रिवेदी द्वारा अपने पिता की स्मृति में चलाई जा रही राम बिहारी त्रिवेदी स्मृति मेधावी छात्र योजना के तहत प्रति वर्ष की भांति 2024 की छात्र वृत्ति छात्रों को प्रदान की गई ।कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई ने कहा कि पूर्व छात्र द्वारा चलाई जा रही छात्र वृत्ति योजना अनुकरणीय एवं सराहनीय है उन्होंने कहा कि पिछले 14 वर्षों से चलाई जारी छात्रवृत्ति योजना से लगभग डेढ़ सौ छात्रों को इसका लाभ मिला है। नरेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि उनका प्रयास है कि मेधावी छात्रों को ज्यादा ज्यादा प्रोत्साहन मिले और अपना नाम रोशन करें। विद्यालय प्रबंधक सुरेंद्र कुमार बाजपेई ने कहा कि निश्चित ही धर्मेंद्र त्रिवेदी धन्यवाद के पात्र हैं ।कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार दीक्षित,चेयर मैन सुशील कुमार बाकुश,प्रवक्ता उमेश ,प्रमोद कुमार वर्मा, सहायक शिक्षक अनुज कुमार तिवारी, दीपक शर्मा, भावना, कुलदीप अग्निहोत्री ,बुद्धि लाल, रमेश कुमार आदि रहे।

# किसानों ने समस्या को लेकर दिया धरना, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। किसानों की समस्या को लेकर किसानों ने धरना देकर तहसील दार को अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापने सोमवार को मुन्नासिंह देवारा जिलाउपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन टिकैत किसान ईकाई बीघापुर उन्नाव उत्तर प्रदेश के नेतृत्व मे ग्रामीण क्षेत्रीय खेतिहर मजदूर किसानो के सहयोग से शारदा सहायक पुरवा ब्रांच की देवारा माइनर टेल से 1500 मीटर गंगा एक्सप्रेस मार्ग वे चयनित संख्या 461+800 के द्वारा किसानो के फसल सिंचाई हेतु पानी लाने व आने जाने का मुख्य मार्ग देवारा माइनर . की पटरी ध्वस्त कर गंगा एक्सप्रेस सड़क निर्माण किया जा रहा है क्षेत्र कुशहा मे ग्रामीण क्षेत्रीय खेतिहर मजदूरो की इंही किसान समस्याओ को लेकर एक दिवसीय किसान पंचायत लगाई गई . जिसमे शारदा सहायक नहर विभाग जेई इंजीनियर रामेन्द्र शाहू जी ने किसान पंचायत मे आकर बताया कि मैने कोई परमीशन नही दिया है ना देवारा माइनर ना मलौना माइनर की . तत्काल काम रोका जायेगा. तहसीलदार अरसला नाज नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा इस मौके पर तहसील प्रवक्ता बीघापुर. फतेह बहादुर लोधी ब्लाक अध्यक्ष सुमेरपुर. धीरज धीमान ब्लाक अध्यक्ष पुरवा तहसील बीघापुर. मोहनी त्रिवेदी महिला प्रकोष्ठ ब्लाक अध्यक्ष सुमेरपुर. राजेंद्र ब्लाक सचिव सुमेरपुर. राकेश त्रिवेदी ग्राम अध्यक्ष पांडेपुर. अमर नाथ लोधी ग्राम अध्यक्ष कुशहा. पत्रकार राम प्रकाश गुप्ता बीहार. आंसू सिंह चौहान बीहार. आदि सैकड़ो की संख्या मे महिला-पुरुष मौजुद रहे।

# जुआ खेल रहे पांच युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार पुलिस द्वारा जुंआ खेल रहे 05 अभियुक्तों को जामा तलाशी से 560 रुपया व माल फड़ से 900 रुपया व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद कर गिरफ्तार कर लिया।

सोमवार को मुखबिर की सूचना पर मनिकापुर में तालाब के किनारे बने मकान के पीछे कई दिन से जुआ चल रहा था। थाना बिहार पुलिस द्वारा औचक छापा मार जुआ खेल रहे सोनू पुत्र कृपाशंकर सोनी सुनील पुत्र रामचन्द्र ,रिंकू पुत्र पप्पू प्रजापति इमरान पुत्र कमरूद्दीन ,अनवर पुत्र अंसार सभी निवासी ग्राम मनिकापुर को कब्जे में लेकर जामा तलाशी से 560 रुपया व माल फड़ से 900 रुपया व 52 अदद ताश के पत्ते बरामद कर गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0स0 20/24 अन्तर्गत धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया ।

## महिला ने पति जेठ समेत रिश्तेदार पर लगाया चोरी का आरोप

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के मोहल्ला गणेशगंज से एक अनोखा मामला प्रकाश में आया है । गणेश गंज निवासी एक महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर अपने पति , जेठ और रिश्तेदार पर चोरी का मुकदमा दर्ज करने की मांग उठाई है। मोहल्ला गणेशगंज निवासी सुमित मिश्रा की पत्नी नीलिमा के अनुसार उसके पति , जेठ और ससुर परिवार सहित दिल्ली में रहकर नौकरी करते हैं। जबकि नीलिमा अपने 12 वर्षीय पुत्र के साथ यहां घर पर अकेली रहती है। पति से मनमुटाव के कारण नीलिमा के ससुर उसका खर्च वहन करते हैं। नीलिमा के मुताबिक घर में ताला लगाकर वह ससुर से मिलने दिल्ली गई थी । इसी बीच गत 27 जनवरी को उसके पति सुमित मिश्रा , जेठ अनिल मिश्रा तथा एक अन्य रिश्तेदार ने उसके घर का ताला तोड़ दिया और जेवर नगदी साथ ले जाने लगे । तभी किसी ने इसकी सूचना मोबाइल फोन से नीलिमा को दे दी । सूचना मिलते ही उसने डायल 112 पुलिस को सूचना दी ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया ।दिल्ली से लौटी नीलिमा ने कोतवाली में तहरीर देकर पति समेत तीनों के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग उठाई है । प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि पति-पत्नी के बीच का विवाद है। उन्होंने चोरी जैसी घटना से इनकार किया है।

## चोरी के माल सहित तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर ।जनपद की पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा के निर्देशन में शातिर अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत राठ कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर चोर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है ।पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से जेवरात औ? कुछ नगदी भी बरामद की गई है ।जनपदीय पुलिस व कोतवाली राठ प्रभारी ने बताया कि उक्त चोर गिरोह के शातिर अभियुक्त सत्यम पुत्र महादेव निवासी लुधियातपुरा कस्वा व थाना राठ जपनद हमीरपुर उम्र करीब 25 वर्ष इकबाल अली पुत्र कमर अली निवासी तिलक नगर थाना कोतवाली उरई जनपद जालौन उम्र करीब 45 वर्ष व शिवकुमार पुत्र मोहनलाल निवासी ग्राम जैतापुर थाना औरैया जनपद औरैया उम्र करीब 43 वर्ष द्वारा कस्वा के निवासियों के घरों को निशाना बना कर चोरियों की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा था ।जिस पर कोतवाली पुलिस टीम में प्र0नि0 उमेश कुमार सिंह.उ0नि0 मनोज पाण्डेयउ0नि0 उमेश चन्द्र तिवारी.का0 उपेन्द्र कुमार द्वारा सटीक मुखबिर की सूचना पर ब्रम्हानंद विद्यालय के गेट के पास महोबा रोड से गिरफ्तार किया है ।बताया कि पकड़े गए शातिर चोरों के कब्जे से चोरी किया हुआ माल एक अदद मंगलसूत्र पीली धातु, एक जोड़ी झुमकी पीली धातु व 1030 रु. नगदी बरामद की है।

## बैगान्व को सुपर ओवर मे हराकर तौरा ने जीती ट्रॉफी

**बैगान्व के अंकित बने प्लेयर ऑफ दी टूनार्मेंट**

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। विकास खंड असोहा की पंचायत बैगांव मे बाबा बरिकदेव मैदान मे चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का फाईनल मैच तौरा और बैगाव के बीच खेला गया। बैगान्व की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। तौरा की ओर से अल्ताफ ने 20 और प्रतीक 17रन के सहयोग से निर्धारित 15 ओवरो मे 95 पर आल आउट हो गयी। बैगान्व की ओर से अमित और आलोक ने दो -दो विकेट लिये।96 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैगान्व की टीम की शुरूवात बेहद खराब रही 50 रनों तक पहुंचते पहुंचते उसके 8 विकेट खो दिया लेकिन अंकित के शानदार अर्ध शतक की बदौलत बैगाव की टीम ने मैच टाई करा लिया।तौरा की ओर से अल्ताफ ने 4 विकेट चटकाए।सुपर ओवर मे तौरा के अल्ताफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मात्र दो रनों पर बैगान्व को रोक कर तौरा की जीत तय कर दी।तौरा ने दो गेंद शेष रहते मैच जीत लिया। ग्राम प्रधान अनिल विमल ने विजेता तौरा की टीम के कप्तान वसीम व पूर्व प्रधान अशोक सिंह ने उप विजेता बैगान्व की टीम के कप्तान राजू मास्टर को ट्राफी और नगद राशि प्रदान की। अर्ध शतक जमाने वाले अंकित को प्लेयर ऑफ दी मैच और टूनार्मेंट मे शानदार बल्लेबाजी के लिये प्लेयर ऑफ दी टूनार्मेंट की ट्राफी प्रदान की गयी। मैच मे अंपायरिंग राजेश मास्टर और पप्पू ने जबकि स्कोरिंग अजीम व कमेंट्री रामजी ने किया ।इससे पहले पूर्व एमएलसी सुनील साजन व पूर्व ब्लाक प्रमुख बीतेन्द्र प्रताप सिंह ने खिलाडियों का परिचय प्राप्त कर फाइनल मैच का शुभारंभ कराया ।इस दौरान दयाराम ,रामबाबू ,संजय ,शिव कुमार ,अमित ,मुन्ना ,विनोद सहित बड़ी संख्या मे दर्शक मौजूद रहे।

## श्री राम जी ने उठाया शिव धनुष जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठीं दशो दिशाएं

अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह



कुरारा हमीरपुर। क्षेत्र के पतारा गांव में श्री विष्णु महायज्ञ का आयोजन 20 जनवरी से प्रारंभ हुआ था जिसमें श्री मद्भागवत कथा व कृष्ण लीला के कार्यक्रम 26 जनवरी तक अनवरत चलते रहे तत्पश्चात 27 जनवरी से दिन के समय भव्य श्री राम लीला का मंचन उत्तर भारत के उत्कृष्ट कलाकारों के द्वारा किया गया जिसमें आज धनुष यज्ञ लीला का दर्शन भक्तों को करवाया गया जिसमें जनकपुरी के तपस्वी राजा जनक जी द्वारा ये प्रतिज्ञा ली गई जो भी व्यक्ति भगवान शिव जी के धनुष अजगव को उठाकर उसका खंडन करेगा मैं उसके साथ जानकी का विवाह करूंगा जब कोई भी राजा उस धनुष को हिला तक नहीं सका तब ऋषि विश्वामित्र ने श्री राम जी को उस धनुष को उठाकर उसे तोड़ दिया तो वहां मौजूद प्रजाजनों ने प्रभु की जय जय कार की और मां जानकी ने श्री राम जी के गले में वरमाला पहनाई तो भक्तों ने फूलों की बरसात कर दी और जमकर आतिशबाजी भी की गई तत्पश्चात श्री परशुराम जी और लक्ष्मण जी का संवाद हुआ।

रामलीला मंडल के संचालक मनु शुक्ला फतेहपुर श्री राम जी की भूमिका में सत्यम द्विवेदी फतेहपुर रहे वहीं जनक जी की भूमिका में विनोद कुमार मिश्रा कानपुर, व्यास पंकज सिंह राजावत, ने अपनी प्रस्तुति दी गई

परशुराम जी की भूमिका में श्री कुलदीप जी शास्त्री कानपुर रहे वहीं लक्ष्मण जी की भूमिका में संजीव शुक्ल जी ने अपनी सहभागिता की तो हास्य कलाकार सुरेश कक्कड़ इंगोहटा ने लोगों को जमकर हंसाया ।

ग्रामवासियों ने बताया की 31 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें गांव के साथ साथ आसपास के गांवों को भी सामूहिक रूप से आमंत्रित किया गया है भंडारा के साथ ही कार्यक्रम का समापन हो जाएगा बतौर ग्रामीण ये कार्यक्रम गांव में प्रतिवर्ष इन्ही तिथियों में अयोजित होते हैं जिसमें सभी ग्रामवासी तन मन और धन से अपना सहयोग प्रदान करते हैं ।

## अंतराष्ट्रीय हिंदी ओलंम्पियाड 2023 प्रतियोगिता में छात्र हरी कुमार ने पाया जनपद में प्रथम स्थान

अमन लेखनी समाचार




हमीरपुर ।जनपद स्थित मुहल्ला अतरौलिया कस्वा राठ निवासी देवेंद्र राजपूत के पुत्र हरी कुमार राठ कस्वे में उरई रोड स्थित स्कूल इण्डस बैली पब्लिक स्कूल में पांचवी का छात्र है विद्यालय के प्रधानाचार्य अंकित शर्मा ने बताया कि अंतराष्ट्रीय हिंदी ओलंम्पियाड 2023 प्रतियोगिता में छात्र हरी ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर परचंम लहराया है ।उन्होंने इस कामयाबी के लिए प्रधानाचार्य व विद्यालय परिवार ने छात्र को बधाई दे उसके उज्वल भविष्य की कामना भी की है ।इस कामयाबी के लिए छात्र के माता पिता ईस्ट मित्रों व क्षेत्र वासियो ने भी छात्र को बधाई दी है ।वही माता पिता व छात्र को लोगो द्वारा शुभकामनाये दी जा रही है।

## नाराज पत्नी ने दांतों से काटा पति का प्राइवेट पार्ट, हालत गंभीर

**जबरन अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने के कारण पत्नी ने किया हमला**

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर ।जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव यहां के रहने वाले रामू निषाद ( 35 ) शुक्रवार की रात करीब 2.15 बजे घायल अवस्था में अपनी मां के साथ जिला अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों से अपने प्राइवेट पार्ट में चोट लगने की बात कही. इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. एके सिंह ने उसे लहुलुहान हालत में उसका प्राथमिक उपचार किया रामू की मां ने चिकित्सक को पत्नी द्वारा प्राइवेट पार्ट को दांत से काटने की बात कही. शनिवार सुबह घायल को डॉक्टरों ने कानपुर रेफर कर दिया. इसी बीच घायल की पत्नी जब अस्पताल पहुंची तो उसने पति की करतूतों को खोलकर रख दिया। पीड़िता ने डॉक्टर को आपबीती बताई।

डॉ. एके सिंह ने बताया कि महिला से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामू अप्राकृतिक यौन संबंध बनाता था,घटना के समय प्राइवेट पार्ट मुंह में होने के दौरान पत्नी बेहोश हो गई और उसके जबड़े आपस में बंध गए. इससे पति चिल्लाने लगा. उसकी आवाज सुन बच्चे मौके पर पहुंचे और महिला का जबड़ा दबाकर उससे अलग किया. इससे पति के गुप्तांग से रक्त का स्राव होने लगा इस मामले में पुलिस का कहना है कि पति-पत्नी का विवाद है मामले में दोनों को समझाकर पति को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## कपड़े की दुकान पर चोरों ने किया हाथ साफ, थाना रानीपुर क्षेत्र में चोरों का दहशत, लोगों को सता रहा चोरी का भय



अमन लेखनी समाचार

बहराइच। रानीपुर थाने से लगभग 100 मीटर पर कपड़े की दुकान स्थित है। चोरों ने दुकान का सटर काटकर तकरीबन 4 से पांच लाख के कपड़ों की चोरी की। जबकि पुलिस भी बराबर गस्त करती रही और चोर सटर काटकर सामान ले उडे.। घटना थाना रानीपुर में रहने वाले प्रधान प्रतिनिधि रमजान पुत्र इस्लाम के घर में स्थित हिंदुस्तान गारमेंट्स की है। घटना के समय रमजान अपनी पत्नी के साथ रैनबो हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती थे। इसी मौके का फायदा उठाकर चोरों ने सटर काटकर दुकान में रखे कपड़े लेकर भाग निकले जिसकी सूचना सुबह सुबह घूमने निकले लोगों ने प्रधान को बताया और प्रधान के भाई ने मौका थाना पर लिखित सूचना दी है। कुछ दिन पहले प्रेमीदास कुट्टी चौराहा के पास में हुई चोरी का कोई खुलासा अभी तक नहीं हो पाया की एक सप्ताह के अंदर रानीपुर क्षेत्र में दूसरी चोरी हो गई। थाना अध्यक्ष रानीपुर आरती वर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मौके पर मैं गयी हूँ, घटना की जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

## युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। थाना क्षेत्र के इंगोहटा गांव में रविवार की रात आटो चालक ने अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इंगोहटा निवासी शिवशंकर का पुत्र आटो चालक रामतोला उर्फ हनुमान दीक्षित 45 वर्ष अज्ञात कारणों के चलते रविवार की रात को फंदा लगा लिया। परिजनों की नजर पहुंचने के पहले ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। युवक की मौत से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे पत्नी आरती, पुत्री रोशनी 13 वर्ष, वंशु 6 वर्ष सहित भाई मुन्ना, रामभरोसे, छोटू को रोता बिलखता छोड़ गया है। बड़े भाई रामभरोसे ने बताया कि हनुमान तीसरे नंबर का भाई था। किन कारणों से फंदा लगाया जानकारी नहीं है ।थानाध्यक्ष रामआसरे सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## पीडीए पखवारा के तहत आयोजित हुई चौपाल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। सपा मुखिया के निर्देश पर चलाए जा रहे पीडीए पखवारा के तहत ग्राम मुंडेरा में सपाइयों ने पंचायत चौपाल का आयोजन करके समाजवादी पार्टी की नीतियों से ग्रामीणों को अवगत कराया ।पीडीए पखवारा के तहत मुंडेरा में आयोजित पंचायत चौपाल में समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य नंदकिशोर शिवहरे, प्रदेश सचिव मुन्नीलाल निषाद, पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति, नीरज कश्यप ने समाजवादी पार्टी की नीतियों से ग्रामीणों को अवगत कराया। इस मौके पर सेक्टर प्रभारी मुसाहिद बेग, वेद प्रकाश वर्मा, रतिराम प्रजापति, बूथ प्रभारी प्रेम प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष परशुराम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# सुमेरपुर ब्रांच में डेढ़ माह से नहीं आया पानी, किसान परेशान

**अवर अभियंता ने कहा तीन दिन बाद आएगा पानी**

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच में पिछले डेढ़ माह से पानी न आने से किसानों की गेहूं की फसल बर्बाद हो रही है। किसानों का आरोप है कि जब माइनर में पानी छोड़ा जाता है तो बहुत कम क्षमता से छोड़ा जाता है। इससे दिक्कतें होती हैं। मौदहा बांध की सुमेरपुर ब्रांच की माइनर से ब्लॉक की ग्राम पंचायत बण्डा, मवईजार, चंदौलीजार, विदोखर पुरई, विदोखर मेदनी के साथ शादीपुर मौजा के किसानों को पानी मुहैय्या होता है। बण्डा के किसान संजय सिंह, शंकर लाल यादव, मवईजार के पूर्व प्रधान महेश शिवहरे, श्यामलाल विश्वकर्मा, चंदौलीजार के रामगोपाल, विदोखर के बच्चा परिहार, नीरज, शादीपुर मौजा के किसान ऐनुद्दीन आदि ने बताया कि 15 दिसंबर से माइनर में पानी नहीं आया है। किसानों का आरोप है कि जब भी पानी छोड़ा जाता है। बहुत ही कम क्षमता से छोड़ा जाता है। इससे पानी लगाने में दिक्कत होती है। मौदहा बांध के अवर अभियंता राजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि छानी ब्रांच में पानी चल रहा है। तीन दिन में छानी ब्रांच का रोस्टर पूर्ण होगा। इसके बाद सुमेरपुर ब्रांच को पानी दिया जाएगा।

## शान्तनू सिनसिनवार बने सुमेरपुर के बीडीओ

अमन लेखनी समाचार

भरुआ सुमेरपुर। जिलाधिकारी के अनुमोदन पर सीडीओ ने जनपद के सभी ब्लॉकों में तैनात खंड विकास अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया ।मुख्य विकास अधिकारी चंद्रशेखर शुक्ला ने सोमवार को जारी किए आदेश में सुमेरपुर की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर शान्तनू सिनसिनवार को सौंपी है। गोपाल यादव को गोहाण्ड का बीडीओ बनाया गया है। विपिन कुमार को मौदहा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीडीओ अजीत कुमार श्रीवास्तव को कुरारा की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। प्रमेंद्र कुमार पांडे को राठ के साथ मुस्करा का बीडीओ बनाया गया है। दिव्या त्रिपाठी को सरीला भेजा गया है।

चिंतन

## समस्याओं के वर्तमान में हल पर जोर दे सरकार

हमें अतीतजीवी बनने की जरूरत नहीं है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में हुई गलतियों पर रुदाली प्रवृत्ति से बाहर निकलने की जरूरत है। देश के प्रथम प्रधानमंत्री के तौर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू से कश्मीर को लेकर, चीन को लेकर या अन्य मुद्दों को लेकर जो भी गलतियां हुईं, उन्हें सुधारने का काम बाद में आने वाली सरकारों को करना चाहिए था। भारत के पास 1971 में भी मौका था व करगिल जंग के समय भी। निश्चित रूप से जम्मू-कश्मीर का भारत में विलय को लेकर अनेक गलतियां उस वक्त की पंडित नेहरू सरकार से हुई थीं, लेकिन इसके बरख्श यह भी सच है कि उस वक्त की अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां और भारत की आंतरिक स्थिति अलग थी। आजादी के वक्त का भारत आज के भारत जैसा सशक्त और मजबूत राष्ट्र नहीं था। इसलिए आज की परिस्थिति के चश्मे से 1947-48 के भारत को नहीं देखा जा सकता है। जैसा गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में कहा है कि नेहरू के समय दो 'ब्लंडर' हुए थे, जिनका खामियाजा कश्मीर को वर्षों तक उठाना पड़ा है, यह बिल्कुल सही है, लेकिन इसी के साथ गृहमंत्री को संसद से राष्ट्र को बताना चाहिए कि पिछले नौ साल से राजग सरकार ने उन गलतियों को सुधारने की दिशा में क्या-क्या कदम उठाए हैं? केंद्र की राजग सरकार ने कितनी बार पीओके पर अपना दावा प्रस्तुत किया है और इसके लिए क्या-क्या प्रयास किए हैं? नेहरू के कार्यकाल के दौरान दो 'हिमालियन ब्लंडर' (विशाल भूल) हुए थे। 1947 में आजादी के कुछ समय बाद पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय संघर्ष विराम करना और जम्मू-कश्मीर के मामले को संयुक्त राष्ट्र में ले जाना नेहरू की बड़ी भूल थी। अगर संघर्ष विराम नहीं हुआ होता तो पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) अस्तित्व में नहीं आता। हमारी सेना जीत रही थी। अगर संघर्ष विराम तीन दिन बाद होता तो आज पीओके भारत का हिस्सा होता। इस मामले को संयुक्त राष्ट्र में नहीं ले जाना चाहिए था, पर अगर ले ही गए तो संयुक्त राष्ट्र के चार्टर 51 के तहत ले जाना चाहिए था, न कि चार्टर 35 के तहत। हालांकि नेहरू ने अपनी गलती खुद मानी थी। कश्मीर में आतंकवाद को खात्मे की दिशा में मोदी सरकार ने सराहनीय कार्य किया है, आतंकवाद के सभी चैनल्स को ब्रेक किया है, आपरेशन क्लीन के जरिए आतंकियों का सफाया किया है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 के अधिकांश प्रावधान को खत्म किया है, लेकिन जम्मू-कश्मीर को अभी तक राज्य का दर्जा नहीं प्रदान करना, परिसीमन में अनावश्यक देरी होना, अभी तक वहां विस चुनाव का ना होना, उप-राज्यपाल शासन का संवैधानिक प्रावधान से लगातार अधिक समय तक बने रहना आदि, इस प्रांत में लोकतंत्र के लिए बहुत अच्छा नहीं है। जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 से जम्मू कश्मीर में उन सभी लोगों को न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त होगा, जिनकी 70 साल तक अनदेखी की गई हैं। मौजूदा सरकार को पीओके को पाकिस्तान के अवैध कब्जे से मुक्त कराने की दिशा में बयानों से आगे बढ़ कर ठोस कदम उठाना चाहिए, तभी हिमालियन ब्लंडर सुधरेंगे। पीओके, गलगित व बाल्टिस्तान पर पाक का अवैध कब्जा है, इन पर भारत का जल्द से जल्द कब्जा होना चाहिए। कूटनीतिक व सामरिक तौर पर भारत पीओके, गलगित व बाल्टिस्तान को पाक से मुक्त कराने में हमेशा सक्षम रहा है पर अभी सुनहरा मौका है। सरकार को देश की वर्तमान की समस्याओं को सुलझाने पर जोर देना चाहिए, न कि अतीत में किस सरकार ने क्या किया, इस पर रुदाली अलाप करना चाहिए।

## जादूगर का हैट : जादूगर का खरगोश



करवट

कुमार प्रशांत

इस बार 5 राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब यह लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी। जब एक जादूगर अपने हैट से नये-नये खरगोश निकाल कर दिखा रहा हो तो मजमा उस नट को कैसे देखता रह सकता है जिसे तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधने का एक ही खेल आता है? और वह भी ऐसा कि संतुलन बार-बार डगमगाता भी रहता है!

कभी जादूगर का खेल देखा है? हर बार जब वह हमारी आंखों के सामने, हमारी ही असावधानी की आड़ में हमें छल जाता है, तो यह जानते हुए भी कि यह जो सामने हुआ वह हकीकत नहीं, बारीक धोखा है, हम स्तंभित हुए जाते हैं। जादूगर का हर नया जादू हमसे कहता है कि ज्यादा सावधान हो कर बैठो और पकड़ सको तो मेरी चाल पकड़ो ! राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जादूगर के बेटे हैं लेकिन जादू दिखा कोई दूसरा रहा है। 5 राज्यों में हुआ चुनाव ऐसी जादूगरी का नमूना है। अब जब चुनावी धूल बैठ चुकी है, घायल अपने घावों की साज-संभाल में लगे हैं, विजेता अपनी जीती कुर्सियां झाड़-पोंछ रहे हैं, हम जादू के पीछे का हाल देखने-समझने की कोशिश करें।

मोदी-शाह ने जिस नई चुनावी-शैली की नींव 2014 से डाली है उसकी विशेषता यह है कि न उसका आदि है, न अंत ! यह सतत चलती है। चुनाव की तारीख घोषित हुई तब चुनावी-मुद्रा में आना, चुनाव की तारीख तक चुनाव लड़ना और फिर जीत-हार के मुताबिक अपना-अपना काम करना - ऐसी आरामवाली राजनीति का अभ्यस्त रहा है यह देश, इसके राजनीतिक दल ! मोदी-शाह मार्का राजनीति इसके ठीक विपरीत चलती है। वह तारीखें देख कर नहीं चलती, नयी तारीख़ें गढ़ती है। चुनावी सफलता की तराजू पर तौल कर वह अपना हर काम करती है। इनके लिए चुनाव वसंत नहीं है कि जिसका एक मौसम आता है; यह बारहमासी झड़ी है। उनके लिए विदेश-नीति भी चुनाव है, यूक्रेन-फलस्तीन-गजा-इसरायल भी और पाकिस्तान भी चुनाव हैं; जी-20 भी चुनाव है; खेल व खिलाड़ी भी चुनाव हैं; चंद्रयान भी चुनाव है; सरकारी तंत्र व धन भी चुनाव के लिए है। उनके लिए जनता भी एक नहीं है, कई है जिनका अलग-अलग चुनावी इस्तेमाल है।

मार्च 2018 में प्रधानमंत्री ने जनता का एक नया वर्ग पैदा किया था : विकास के लिए प्रतिबद्ध जिले ! 112 जिलों की सूची बनी। ये जिले ऐसे थे जिनके विकास की तरफ कभी विशेष ध्यान नहीं दिया गया था। जो बड़े राजनीतिक पहलवान हैं वे अपने व अपने आसपास के चुनाव क्षेत्रों के लिए सारे संसाधन बटोरने में मग्न रहते हैं। नये चुनाव क्षेत्रों का सर्जन किसी के ध्यान में भी नहीं आता है। मोदीजी ने अपनी रणनीति में इसे शामिल किया और 112 जिलों की सूची बना दी। किसी ने नहीं समझा कि यह चुनाव की नई कांस्टीट्यूएंसी तैयार करने की योजना है। इन जिलों में से 26 जिले ऐसे थे जो मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान तथा तेलंगाना के 81 चुनाव-क्षेत्रों में फैले थे। ये सभी अधिकांशतः आदिवासी व अन्य पिछड़े समुदायों के इलाके थे। पहली बार इन इलाक़ों को लगा कि कोई है जो इनका अस्तित्व मानता ही नहीं है बल्कि उन्हें आगे भी लाना चाहता है। यहां विकास की क्या कोशिशें हुईं उनकी समीक्षा का यह मौका नहीं है। मौका है यह समझने का कि इन 81 चुनाव क्षेत्रों में भाजपा ने इस बार कांग्रेस को कड़ी मार लगाई। 2018 में जहां इन क्षेत्रों में भाजपा ने बमुश्किल 23 सीटें जीतीं थीं, 2023 में उसने यहां 52 सीटें जीती हैं - पिछले के



मुकाबले दोगुने से ज्यादा। यह अपने लिए नये चुनावी आधार गढ़ने की योजना का एक हिस्सा था। स्मार्ट सिटी योजना, अलग-अलग समूहों को नकद सहायता की लगातार घोषणा आदि सब चुनाव के नये कारक हैं जिनके जनक मोदीजी हैं।

इस बार 5 राज्यों के चुनाव को 2024 के बड़े चुनाव का पूर्वाभ्यास करार दिया गया था। कांग्रेस ने हिसाब यह लगाया कि कहां-कहां 'लंबी सत्ता का जहर' भाजपा को मार सकता है, कहां-कहां हमारी सरकार का 'अच्छा काम' हमें फायदा दे सकता है। कांग्रेस की नजर इस पर भी थी कि चुनाव का परिणाम ऐसा ही होना चाहिए कि 'इंडिया' में डंडा हमारे हाथ में रहे। यह गणित बुरा भी था, अपर्याप्त भी। जब एक जादूगर अपने हैट से नये-नये खरगोश निकाल कर दिखा रहा हो तब मजमा उस नट को कैसे देखता रह सकता है जिसे तनी हुई रस्सी पर संतुलन साधने का एक ही खेल आता है? और वह भी ऐसा कि संतुलन बार-बार डगमगाता भी रहता है!

कांग्रेस राष्ट्रीय दल है तो सही लेकिन उसके पास राष्ट्रीय सत्ता नहीं है; जो सत्ता है उसे भी वह संभाल नहीं पा रही है। उसके पास राष्ट्रीय पहचान व कद का एक ही नेता है जिसका नाम है राहुल गांधी! राहुल गांधी की जानी-अनजानी बहुत सारी विशेषताएं होंगी लेकिन देश जो देख पा रहा है वह यह है कि वे अब तक राजनीतिक भाषा का ककहरा भी नहीं सीख पाए हैं; उनके पास वह राजनीतिक नजर भी नहीं है जो चुनावी विमर्श के मुद्दे खोज लाती है। कांग्रेस में दूसरा कोई पंचायत स्तर का नेता भी नहीं है। कांग्रेस के पास उसका कोई शाह, कोई योगी, कोई शिवराज, कोई हेमंता नहीं है; वह किसी को बनने भी नहीं देती है।

दूसरी तरफ भाजपा है। उसके पास भी एक ही 'राहुल' है : नरेंद्र मोदी ! उनके पास हर मौसम की भाषा है, गिद्ध-सी वह राजनीतिक नजर है जो हर मुद्दे को अपने हित में इस्तेमाल करने की चातुरी रखती है। उनका कद इतना बड़ा 'बनाया' गया है कि उसे कोई छू नहीं सकता है। फिर नीचे कई नेता है जिनका अपना आभा मंडल है। इन सबके साथ है एक परिपूर्ण प्रचार-तंत्र, एक परिपूर्ण धन-तंत्र तथा एक परिपूर्ण मीडिया-तंत्र है। कांग्रेस का सबसे बड़ा नेता कांग्रेसियों की नजर में भी पर्याप्त नहीं है; भाजपा का नेता भाजपाइयों की नजर में राजनीतिक नेता ही नहीं, अवतार भी है। दोनों का मुकाबला बहुत बेमेल हो जाता है।

'इंडिया' के घटक जानते हैं कि कांग्रेस के कारण ही वे 'इंडिया' हैं लेकिन वे जो जानते हैं, वह मानते नहीं हैं। इसलिए कोई बंगाल को तो कोई उत्तरप्रदेश को तो कोई तमिलनाडु को तो कोई 'बिहार' को 'इंडिया' मान कर चलता है। इस तरह सब बिखरी मानसिकता से एक होने की कोशिश करते हैं। यह असंभव की हद तक कठिन काम है। 2014 से ले कर अबतक भाजपा की रणनीति यह रही है कि वह अपना राजनीतिक आधार बनाने व बढ़ाने के लिए वक्ती नफा-नुकसान का हिसाब नहीं करती है। कांग्रेस छोड़ने वाले मौसमी राजनीतिज्ञों को उसने अपने लोगों के ऊपर तरजीह दी और उनके बल पर अपनी सामाजिक स्वीकृति स्थापित की। उसका गठबंधन सबसे बड़ा बना लेकिन उसने यह भी सावधानी रखी कि कोई इतना बड़ा न हो जाए कि उसके सर पर हाथ रखने लगे। 'इंडिया' गठबंधन में ऐसी सावधान उदारता के दर्शन भी नहीं होते हैं।

राजनीति संभव संभावनाओं का खेल है। 2023 फिर से बताता है कि संभव संभावनाओं में असंभव संभावना छिपी होती है। भाजपा वैसी संभावनाओं को पकड़ने की हर संभव कोशिश कर, असंभव को साधती आ रही है। दूसरे संभव को असंभव बनाने के खेल से बाहर ही नहीं आ पाते। क्या 2024 इसी कहानी को दोहराएगा? देखना है कि कौन नये खरगोश बना व दिखा पाता है।

### ग्लोबल वार्मिंग का असर

योगेश कुमार गोयल



## तबाही मचाते चक्रवाती तूफान

दक्षिण भारत के रा. . . क्रवाती तूफान 'मिचौंग' कहर बरपा रहा है। बंगाल की खाड़ी में उठे इस चक्रवाती तूफान के कारण तमिलनाडु के कई हिस्सों में हुई भारी बारिश के चलते चेन्नई सहित कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए। तमिलनाडु में तो तूफान के कारण हुई भारी बारिश से जन-धन की काफी क्षति हुई है। 3 दिसम्बर की सुबह से 400 से 500 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे महाजलप्रलय की स्थिति बन गई। हालांकि आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और उड़ीसा में 'मिचौंग' के कारण होने वाली तबाही का वास्तविक आकलन अगले कुछ दिनों में लगाया जा सकेगा, लेकिन साल दर साल अब जिस प्रकार तबाही मचाने वाले ऐसे चक्रवाती तूफानों की तीव्रता बढ़ रही है, वह बहुत बड़े खतरे की घंटी है। इस साल का यह छठा चक्रवाती तूफान है। इससे पहले मोचा, बिपरजॉय, तेज, हमून और मिछली चक्रवाती तूफान आ चुके हैं, जिनमें से सबसे ताकतवर 'मोचा' था, जिसके दौरान 215 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवाएं चली थी। 2023 में आए इन तूफानों के कारण देशभर में 506 लोगों की मौत और 20 हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान होने का अनुमान है। इन छह चक्रवाती तूफानों में से चार ने अपना रूप बदला, पहले ये तूफान बने और फिर चक्रवाती तूफान, उसके बाद गंभीर चक्रवाती तूफान, फिर बहुत सीवियर चक्रवाती तूफान और उसके बाद अत्यंत गंभीर चक्रवाती तूफान बन गए। जलवायु वैज्ञानिकों के मुताबिक इनका सुपर चक्रवाती तूफान बनना रह गया था। वैज्ञानिकों के अनुसार अरब सागर बंगाल की खाड़ी जितना गर्म नहीं है, इसीलिए बंगाल की खाड़ी में जहां प्रतिवर्ष 2-3 चक्रवाती तूफान आते थे, तब अरब सागर में एक भी चक्रवात पैदा नहीं होता था, लेकिन अब अरब सागर भी गर्म हो रहा है, जिसके कारण यहां भी अब ज्यादा तीव्रता वाले तूफान आ रहे हैं। ग्लोबल वार्मिंग के कारण विगत चार दशकों में हर साल मानसून से पहले अरब सागर का तापमान करीब 1.4 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाता है, इससे भी अरब सागर में चक्रवातों के आने की आवृत्ति और तीव्रता लगातार बढ़ रही है। अरब सागर में चक्रवात की शुरुआत कमजोर स्तर से शुरू होती है, जो अचानक बढ़कर अत्यंत गंभीर स्तर पर पहुंच जाती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में उठने वाले कमजोर तूफान अचानक से अपनी गति बढ़ाते हैं, जो 24 घंटे में ही अढ़ाई से तीन गुना बढ़ जाती है। समुद्र का तापमान बढ़ने के साथ-साथ जमीनी सतह गर्म होने की वजह से चक्रवात की ताकत और बढ़ जाती है। पर्यावरण में ग्रीन हाउस गैसों के बढ़ते उत्सर्जन के कारण पृथ्वी गर्म हो रही है और इन्हीं ग्रीन हाउस गैसों के कारण समुद्री जल का तापमान बढ़ रहा है। बढ़ता तापमान ही जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा कारक बन रहा है। 'इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इन्फॉरमेशन सर्विसेज' के मुताबिक बंगाल की खाड़ी का सामान्य तापमान अब मई माह में सामान्य 28 डिग्री से बढ़कर 32-34 डिग्री हो जाता है। कई वैज्ञानिक अध्ययनों के मुताबिक समुद्री जल के गर्म होने के साथ ही समुद्री तूफानों की भयावहता भी बढ़ जाती है। जैसे-जैसे समुद्री जल का तापमान बढ़ता जाता है, तूफानों के रौद्र रूप में सामने आने की संभावना बढ़ जाती है। दरअसल समुद्री जल एक डिग्री सेल्सियस ज्यादा गर्म होने पर उस पर चलने वाली तूफानी हवाओं की गति में 5-10 फीसदी तक की वृद्धि हो जाती है। विनाशकारी तूफानों से मानव जाति को बचाने के लिए पूरी दुनिया में ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को स्थायी रूप से कम करते जाने की प्राथमिकता तय करना अब समय की सबसे बड़ी मांग है। इसके लिए जरूरी है कि दुनिया के तमाम देशों पर इन गैसों का उत्सर्जन नियंत्रित करने के लिए दबाव बनाने हेतु अंतरराष्ट्रीय जनमत तैयार किया जाए। 2015 के पेरिस समझौते के तहत 2030 तक कार्बन उत्सर्जन आधा करने और वैश्विक तापमान बढ़ोतरी को 2 डिग्री कम करने का लक्ष्य था लेकिन संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक हम इन लक्ष्यों के करीब जाने के बजाय लक्ष्य से दर होते जा रहे हैं.

## समत्वं योग उच्यते



संकलित

दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ : जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग सथित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

*-वैष्णवाचार्य अभिषेक गोस्वामी*

## ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें




संकलित

प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था। बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### देश की सुरक्षा में लगी नौसेना का महत्त्व

नौसेना की स्थापना ईस्ट इंडिया कंपनी ने वर्ष 1612 में की थी। अंग्रेजों द्वारा इसकी स्थापना करने का मुख्य उद्देश्य अपने व्यापार को सुरक्षित करना था। उस समय इसका नाम ऑनरेबल ईस्ट इंडिया मरीन था। लेकिन जब अंग्रेजों ने वर्ष 1686 में मुंबई से व्यापार आरंभ किया था तब इसे बंबई मरीन नाम से जाना जाने लगा। इसके बाद 1892 में रॉयल इंडियन मरीन नाम दिया गया। और जब हमारा देश आजाद हुआ तो इसे भारतीय नौसेना नाम दिया गया। वर्ष 1958 को नौसेना के पहले भारतीय प्रमुख वाइस एडमिरल आरडी कटारी को नियुक्त किया था। जब से हमारा देश आजाद हुआ, हर सरकार ने इसकी ताकत बढ़ाने के लिए प्रयास किए।

*-आलोक कुमार त्रिपाठी*

### ट्रेंड

#### सपना साकार होगा



स्किल इंडिया भविष्य और उद्योग के लिए तैयार कौशल के साथ भारत की युवाशक्ति को सुपरचार्ज कर रहा है। कुशल कार्यबल भारत की सबसे बड़ी ताकत होगी क्योंकि यह तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ-साथ विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए आगे बढ़ेगा।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

#### डा. आंबेडकर को नमन



सभी जातियां समान हैं, सभी जातियां महान हैं और जन्म से ही सबको ईश्वर प्राप्ति का अधिकार है। समरसता एवं सामाजिक न्याय के उद्घोषक भारत रत्न डा. आंबेडकर की पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

#### भाजपा सरकार से आग्रह



कर्नाटक के लिए सूखा राहत कोष के संबंध में संसद में मेरा हस्तक्षेप। राज्य ने सूखा राहत उपायों के लिए केंद्र से 18,171 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मांगी है। मैं भाजपा सरकार से आग्रह करता हूं कि धनराशि तुरंत जारी करें।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

#### बड़ा बदलाव लाएंगे




जिन शहरों में हम चक्रवाती बाढ़ का सामना कर रहे हैं, उस दौरान इनका कोई उपयोग नहीं होगा, लेकिन मुझे उम्मीद है कि इस तरह की प्रौद्योगिकियां सस्ती हो जाएंगी और व्यापक रूप से अपनाई जाएंगी। वे मानसूनी बारिश के दौरान बड़ा बदलाव लाएंगे।

-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

### करंट अफेयर

## हम ट्रंप को जीतने नहीं दे सकते : बाइडन



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने चुनाव प्रचार अभियान के दानदाताओं से कहा कि अगर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव की दौड़ में नहीं होते तो शायद वह भी दोबारा इस पद के लिए चुनाव नहीं लड़ते। उन्होंने चेतावनी दी कि '2024 में लोकतंत्र को और अधिक खतरा है' तथा ट्रंप एवं उनके सहयोगी लोकतांत्रिक संस्थानों को 'नष्ट' करने पर तुले हैं। राष्ट्रपति ने धन जुटाने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोगों इस बात के प्रति आगाह किया कि अगर पूर्व राष्ट्रपति ने फिर से व्हाइट हाउस पर नियंत्रण का दावा किया तो क्या हो सकता है।

### ऑफ बीट

## चूहे हमारे आसपास रहना पसंद करते हैं



चूहों में कुछ हद तक यह दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति होती है कि वे वहां रहना पसंद करते हैं जहां इनसान रहते हैं। एक जीवविज्ञानी ने यह बात कहकर दक्षिणी स्वीडिश शहर माल्मो में खड़ी कारों में बिजली के तारों को चूहों द्वारा कुतरने के बारे में एक टेलीविजन समाचार फीचर में कृंतकों के प्रति लोगों की नफरत को समझाने की कोशिश की। भूरा चूहा, रैटस नॉरवेजिकस, आधुनिक समाज में रहने के लिए चूहों की सर्वोत्तम रूप से अनुकूलित प्रजातियों में से एक है। ये चूहे दुनिया भर में मनुष्यों का अनुसरण करते हुए सबसे प्रचुर स्तनधारियों में से एक बन गए हैं, जो उत्तरी चीन और मंगोलिया में अपने मूल निवास से फैलते हुए 1500 के दशक में यूरोप तक पहुंच गए,

## संक्षेप

### सुलतानपुर पुलिस ने 3 युवकों को किया गिरफ्तार

#### सोशल मीडिया पर की अभद्र टिप्पणी और पोस्ट शेयर कर बदले लेने की दी थी धमकी

सुलतानपुर, सुलतानपुर के कुड़वार में सोशल मीडिया पर धर्म विशेष के युवकों ने एक धर्म के लोगों को धमकी देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट की। जिस पर विहिप के पदाधिकारी ने थाने पर शिकायत की। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कुड़वार के विहिप अध्यक्ष राम सुरेश तिवारी ने कल थाने पर तहरीर दी थी कि अशरफ पुत्र असलम निवासी सुरजीपुर ने सोशल मीडिया की फेसबुक साइड पर आपत्तिजनक पोस्ट डाला है। आरोप के मुताबिक उसने विवादित बाबरी मस्जिद की फोटो टैग कर राइफल के साथ 'सर तन से जुदा' जैसे शब्द का प्रयोग करते हुए एक समाज को धमकी दिया। धार्मिक भावना आहत होने की हुई थी शिकायत शिकायतकर्ता का कहना था कि इससे सामाजिक उन्माद फैलाने का अंदेशा है। साथ ही उसने धार्मिक भावना आहत होने की भी बात कही है। एक वीडियो भी शेयर किया गया है जिसमें हलीम पुत्र मोहम्मद इकबाल और मोहम्मद लल्लू निवासी असरोगा थाना कुड़वार व चार अन्य अशरफ के साथ उसका समर्थन कर रहे। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आज मोहम्मद अशरफ पुत्र मो. असलम निवासी ग्राम सुरजीपुर, मो. हलीम पुत्र मो. अकबाल और मो. मोहिद उर्फ लल्लू पुत्र समीउल्ला निवासीगण असरोगा थाना को अण्डर पास रेलवे क्रासिंग बहद ग्राम सुरजीपुर से पकड़ा है।

### कोहरे के चलते पांच गाड़ियां आपस में टकराई

#### दो महिला समेत तीन लोग हुए घायल; विजिबिलिटी कम होने से हुआ हादसा

अयोध्या, अयोध्या के कोतवाली रुदौली क्षेत्र के रौजागांव के पास नेशनल हाइवे पर घने कोहरे के चलते पांच गाड़ियां आपस में टकरा गई। घटना शनिवार सुबह नौ बजे की है। इसके बाद चीख पुकार मच गई। घटना में दो महिला और एक व्यक्ति को गंभीर चोट आयीं। जिन्हें पुलिस ने स्थानीय लोगों के मद्द से सीएचसी रुदौली में भर्ती कराया। नेशनल हाईवे पर अयोध्या से लखनऊ की तरफ जा रही पांच गाड़ियां एक के बाद एक आपस में टकरा गई। हादसे एक ट्रक, एक पिकप, एक बस, एक स्कार्पियों और एक कार शामिल है। इस दौरान स्कार्पियों सवार दो महिलाएं और एक पुरुष को चोट लगी है। बाकी अन्य वाहनों में सवार सभी लोग सुरक्षित है। डीएसपी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि घटना के बाद सभी घायलों को रुदौली में भर्ती कराया गया, जहां से सभी तो जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। सभी घायल भेलसर के रहने वाले थे। जो लखनऊ किसी काम से जा रहे है। घटना के बाद करीब एक घंटे तक आवागमन पूरी तरह बाधित रही है। घटना की सूचना के बाद कोतवाल देवेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी भेलसर, एसआई इशहाक खान मौके पर पहुंचकर यातायात को चालू कराया।

# मिहींपुरवा: मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में परिणय सूत्र में बंधे 151 जोड़े

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर बहराइच। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब बेटियों के हाथ पीले करने में कारगर साबित हो रही है। अति पिछड़े क्षेत्र मिहींपुरवा विकासखंड में इसका लाभ निचले पायदान पर रह रहे लोगों को भरपूर मिल रहा है ।मिहींपुरवा विकास खण्ड अन्तर्गत स्थित गल्ला मंडी परिसर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत रविवार को 151 जोड़ों ने साथ जीने मरने की कसमें खाई। मालूम हो की 151 जोड़ों का रजिस्ट्रेशन विवाह हेतु हुआ था। 151 जोड़ों में दो मुस्लिम जोड़े का मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह तथा 149 जोड़ों ने हिंदू रीति रिवाज के साथ विवाह संपन्न हुआ। इस दौरान




जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करने हेतु प्रांगण में सांसद अक्षयवर लाल गोंड, विधायक सरोज सोनकर, ब्लाक प्रमुख अभिषेक सौरभ वर्मा, उपजिलाधिकारी संजय कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी डा. अजीत सिंह, खण्ड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह, भाजपा नेता योगेश प्रताप सिंह, श्रवण कुमार मदेशिया आदि मौजूद रहे । इस दौरान प्रांगण में उपस्थित जोड़ों व परिजनों को संबोधित करते हुए सांसद ने केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से गरीब परिवारों की बेटियों के हाथ पीले होने के लिए सभी को बधाई दी ।केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में बताया ।विधायक सरोज सोनकर ने प्रांगण में जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया ।इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय किसान प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



### कृषि विज्ञान केंद्र प्रथम बहराइच ने आयोजित किया प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। फसल अवशेष न जलाने के लिए किसानों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुभारंभ किया गया जिसमें वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान और फसल अवशेष से खाद बनाने के फायदे बताए ।सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम पर संचालित फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. महेश कुमार, सयुक्त निदेशक गन्ना विकास निदेशालय लखनऊ मौजूद रहे। डॉ. कुमार ने किसानों को फसल अवशेषों को न जलाने का आग्रह किया और इन पांच दिनों में बढ़चढ़ के प्रतिभाग करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. पीके सिंह, वैज्ञानिक डॉ. नीरज सिंह, डॉ.अरुण कुमार राजभर, सुनील कुमार, संदीप सिंह रावत वरिष्ठ तकनीकी सहायक गन्ना विकास निदेशालय, लखनऊ व ग्रामीण डेवलपमेंट सर्विस/आईटीसी के नरेंद्र पांडे, अमित मिश्रा तथा कृषक बदलू राम, मोहन लाल अवस्थी और सुनील मौर्य आदि प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय का ताला काट कर चोरी



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। कस्बा रुपईडीहा के प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा गांव का बीती रात चोरों ने ताला काट कर विद्यालय का सामान चोरी कर लिया। प्रधानाध्यापिका द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी तो तत्काल थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने एसएसबी की डॉग स्क्वायट टीम व पुलिस बल के साथ मौके का निरीक्षण किया। बावजूद इसके कोई सफलता नहीं मिल सकी। वहीं इस चोरी की घटना का खुलासा रुपईडीहा पुलिस के लिये प्रतिष्ठा का प्रश्न बना हुआ है। जबकि इस घटना से स्कूल में मध्यान भोजन योजना भी बाधित हो गयी है।

# निशुल्क चिकित्सा शिविर व गोष्ठी का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना आयुष आपके द्वार के क्रम में जिलाधिकारी के दिशा निर्देशन व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बहराइच के मार्गदर्शन में डॉ राजेश कुमार प्रभारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय कुंडासर के द्वारा रुकनापुर ग्राम सभा में इरफान अहमद के आवास पर निशुल्क




चिकित्सा शिविर व गोष्ठी का आयोजन किया गया। कैंप में सर्दियों में मौसम से होने वाली बीमारियों से बचाव हेतु एक गोष्ठी का भी आयोजन डॉक्टर राजेश कुमार द्वारा किया गया। शिविर में हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, प्रमेय,वात रोग,गठिया बाई व पेट संबंधित बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा निशुल्क औषधि वितरण भी किया गया। उपरोक्त शिविर कैंप गांव की अल्पसंख्यक आबादी में आयोजित कर लोगों को लाभ पहुंचाया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय स्टाफ राजू वाल्मीकि मेराज अहमद, मो जावेद,मो फैसल,अजीमुद्दीन,प हलवान तथा गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# पीसीएस में चयनित कैसरगंज बेटी को ब्लॉक प्रमुख ने किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। पीसीएस में चयनित कैसरगंज की लाडली बेटी सानिस्धा सिंह जो ग्राम गुथिया कैसरगंज नगर पंचायत की रहने वाली है को ब्लॉक प्रमुख ने सम्मानित किया। सानिस्धा सिंह ने चयन वर्ष 2024 में 16वीं रैंक हासिल करके अपने जिले का नाम रोशन किया है। जिस पर ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह विसेन के कार्यालय पर पीसीएस में चयनित बेटी व उनके पिता कुंवर विजयंत सिंह बबलू को गुलदस्ता, माला, अंग वस्त्र भेट करके स्वागत सम्मान किया गया। पीसीएस में चयनित सानिस्धा ने बताया कि कोई भी बड़ा इम्तिहान मुश्किल नहीं होता। अगर कोई भी बच्चा किसी भी चीज को करने का ठान ले तो वह कार्य अधूरा नहीं बल्कि पूरा हो जाता है। इस मौके पर कैसरगंज मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष उम्मेद सिंह जैन, रिजवान अहमद, एकता मेडिसिन हाउस विमल जैन, क्षेत्रीय नागरिक एवं भाजपा के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सेमीफाइनल क्रिकेट टूर्नामेंट का स्कूल डायरेक्टर फैजान ने किया फीता काटकर उद्घघाटन

अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। फखरपुर के वजीरगंज ईदगाह ग्राउंड में शहीद वीर अब्दुल हमीद मेमोरियल टी 20 क्रिकेट टूनामेंट ने तहसील व जिला स्तरीय हो रहे क्रिकेट टूनामेंट का सेमीफाइनल मैच का मुख्य अतिथि फैजान अहमद डायरेक्टर ऐपीएस स्कूल ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। टूनामेंट का पहला मैच बहराइच व दिकुलिया के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि ने कहा की क्रिकेट ही नहीं बल्कि किसी भी प्रकार के खेल से स्वास्थ्य और उत्साह तो बढ़ता ही है, साथ ही स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना का भी विकास होता है। मैच के अध्यक्ष व कोहिनूर टूर एन्ड ट्रेवल्स के डायरेक्टर अमानत अली ने कहा की खेल से बच्चों के अंदर चुस्ती फुर्ती के साथ साथ उनके मस्तिष्क का विकास होता है। इस मौके पर अरशद खान, मो जावेद, मो फैसल, कमेंटेटर मो सैफ मौजूद रहे।

# फॉर्च्यूनर सवार बदमाशों ने छात्र को मारा चाकू

- मंदिर से लौटते समय कक्षा-9 के छात्र के गले पर किया प्रहार, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, सुल्तानपुर में फॉर्च्यूनर सवार चार बदमाशों ने किशोर के गले पर चाकू से हमलाकर लहूलुहान कर दिया। गंभीर हालत में किशोर को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ ले जाया गया है। घायल किशोर अयोध्या जिले का रहने वाला है वो यहां मामा के घर पर रहकर पढ़ाई कर रहा है। ऐसे में मौसी की तहरीर पर जानलेवा हमले का मुकदमा बल्दीराय थाने में दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार अयोध्या जिले के इनायत नगर थाना अंतर्गत पूरे निहाली शुक्ल निवासी अय्यांश उर्फ रिंकू (16) पुत्र शिवकुमार शुक्ल जिले के बल्दीराय थाना अंतर्गत पूरे हनुमान दुबे मजरे एंजर गांव में अपनी मामी अनोखा पत्नी अवधेश दुबे के घर पर रहता था। वो राजदेव इंटर कॉलेज ऐंजर में कक्षा-9



का विद्यार्थी है। मौसी अनोखा ने बताया कि अय्यांश कल सुबह नौ बजे साइकिल से समरथपुर स्थित काली मां का दर्शन करने गया था। लौटते समय शाम करीब 3 बजे के आसपास सोनबरसा प्राइमरी स्कूल के पास फॉर्च्यूनर सवार चार बदमाशों ने उतरकर मेरे भांजे के गले पर चाकू से हमला बोला। किसी तरह भागकर अय्यांश घर पर पहुंचा। जिसे बड़ा भांजा पवन कुमार शुक्ला अन्य लोगों की मदद से सीएचसी बल्दीराय लेकर पहुंचा। जहां से डॉक्टर ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर किया। यहां भी हालत गंभीर देख डॉक्टर ने अय्यांश को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया है। इस मामले में बीती रात मामी अनोखा की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ जानलेवा हमले का केस दर्ज किया गया है। उधर किशोर को जब घायल अवस्था में राजकीय मेडिकल कॉलेज लाया गया तब सीओ सिटी शिवम मिश्रा अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायल किशोर का हाल जाना। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

# परिषदीय विद्यालय का ताला तोड़ हुई चोरी

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा परिषदीय स्कूल का ताला तोड़ अज्ञात चोरो द्वारा बीती 28-29 रात्रि एमडीएम खाद्यान व बर्तन, विद्यालय आदि सामान उठा ले गए। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय रुपईडीहा गांव की प्रधानाध्यापक शीबा तरन्नुम विद्यालय समयानुसार जब सुबह विद्यालय पहुंची तो देखा कि विद्यालय के कमरे एवं रसोई का ताला टूटा हुआ है। सम्बंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज को चोरी की घटना से सम्बंधित सूचना दी तथा चोरी के सम्बन्ध में थाना प्रभारी रुपईडीहा को भी चोरी की घटना की सूचना दी। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने जाँच के लिए एसएसबी के साथ



पुलिस बल को भेजकर मौके की जाँच करवाई लेकिन चोर का पता नहीं लग सका है। इस मौके पर समाज सेवी सब्बीर अहमद ने चोर को पकड़वाने में बहुत मदद की बावजूद इसके कामयाबी नहीं मिल सक ी है।

# मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के कुशल नेतृत्व व प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के निर्देशन में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0447/2023 धारा 306 भादवि थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच के सफल अनावरण हेतु उ0नि0 कृष्ण कुमार सिह मय हमराह हे0का0 अशोक कुमार प्रजापति के साथ मिलकर मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त कमालुद्दीन पुत्र शरीफ निवासी बस्तीगांव थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच उम्र 36




वर्ष को परगहवा चौराहे से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को मा0 न्यायालय सदर बहराइच रवाना किया जा रहा है।

# हमीरपुर में दिनदहाड़े मिट्टी का अवैध खनन कर रहे माफिया

- शासन-प्रशासन मौन, जेसीबी मशीन से हो रहे मिट्टी के अवैध खनन का वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार

राठ, हमीरपुर में राठ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमगांव सहित चरखारी रोड इलाके में मिट्टी का अवैध खनन जोरों से चल रहा है। सूत्रों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन के अधिकारी अवैध मिट्टी खनन और परिवहन को लेकर पूरी तरह से मौन हैं। वहीं धड़ल्ले से हो रहे इस अवैध मिट्टी खनन का वीडियो भी जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट तौर पर देखा जा रहा है कि जेसीबी मशीनों के द्वारा दिनदहाड़े बेखौफ अवैध रूप से मिट्टी का खनन कर मिट्टी को टैक्टरों पर लोड किया जा रहा है। वायरल वीडियो राठ



कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमगांव का बताया जा रहा है। इसके अलावा राठ कोतवाली क्षेत्र के टिकरिया गांव के आसपास तथा बरौली व पड़रा गांव के नीचे अवैध रूप से मिट्टी खनन का कार्य करने वाले इन माफियाओं ने जेसीबी मशीन लगाकर प्राकृतिक रूप से निर्मित मिट्टी के बने टीलों को धराशाई कर दिया। अवैध रूप से बेतहाशा मिट्टी खनन के काले कारोबार को अंजाम दे रहे हैं। इसके बाद मिट्टी के भरे ओवरलोड ट्रैक्टर राठ कस्बे के चरखारी रोड इलाके व रामलीला मैदान से निकलते हुए पूरे नगर की सड़कों पर फरार्टा भरते हैं। लोगों का कहना है कि प्रतिदिन लगभग एक सैकड़ा ट्रैक्टर मिट्टी खनन कर उसके परिवहन को अंजाम देते हुए नजर आते हैं।

# एक अदद चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय के कुशल नेतृत्व व प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह के निर्देशन में हे0का0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह हे0का0 अजय यादव के साथ मिलकर



मुखबिर की सूचना पर चकिया रोड ईदगाह पुलिया के पास से मो0 मोबीन पुत्र मो0 रफीक उम्र करीब 38 वर्ष निवासी कस्बा रुपईडीहा थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच को एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 45/2023 धारा 4/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

# अम्बेडकरनगर में ग्राम पंचायत सहायकों ने दिया धरना

- डीएम को दिया ज्ञापन, संगठन ने कहा- पंचायत सहायक क्राप सर्वे नहीं करेंगे

अमन लेखनी समाचार

अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में ग्राम पंचायतों में नियुक्त पंचायत सहायकों ने क्राप सर्वे न करवाये जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के निकट अम्बेडकर प्रतिमा के प्रांगण में धरना दिया। धरने के बाद जिलाधिकारी को मांगों का ज्ञापन दिया। पंचायत सहायक संगठन के अध्यक्ष शुभम यादव ने कहाकि सरकार सभी ग्राम पंचायतों में प्रत्येक सचिवालय पर कंप्यूटर संचालन के लिए पंचायत सहायक की नियुक्ति किया है। पंचायत सहायक ग्रामीण स्तर पर सभी योजनाओं व समय समय पर होने वाले कार्यो को करते है, लेकिन



वर्तमान समय मे पंचायती विभाग के कार्यो के साथ कृषि विभाग के कार्य भी पंचायत सहायकों से जबरन कराने का प्रयास किया जा रहा है। जोकि पंचायत सहायकों के लिए उचित नहीं है। वहीं पंचायत सहायक एकता ने कहाकि उन लोगो को सरकार अल्प वेतन देती है और उन लोगों को पंचायत भवन में कार्य के लिए नियुक्त किया गया था, लेकिन अब उन लोगो को क्राप सर्वे के लिए ड्यूटी लगाया जा रहा है, जोकि उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हम लोगों को न तो नक्शा देखने का नॉलेज है और न ही खसरा खतौनी देखने का।

# संक्षेप

## मेरठ में डॅक्टर को जान से मारने की धमकी

### क्लीनिक में घुसकर की मारपीट, पथराव भी किया, पैथोलॉजी लैब से गलत रिपोर्ट मिला था

मेरठ, मेरठ में पैथोलॉजी लैब कर्मचारियों ने गढ़ रोड स्थित एक डॉक्टर के क्लीनिक पर पहुंचकर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के साथ-साथ पथराव कर दिया। इसके बाद क्लीनिक में भगदड़ मच गई। मामले की जानकारी मिलने पर डॉक्टर इकट्ठा होकर नौचंदी थाना पहुंचे। आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमे की मांग की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी दूसरे समुदाय का होने के चलते पुलिस आरोपी सहित उसके साथियों की तेजी से तलाश कर रही है। गढ़रोड पर फिजिशियन डॉ राहुल गोयल का क्लीनिक है। डॉक्टर राहुल गोयल ने बताया कि उन्होंने एक मरीज को हापुड़ रोड स्थित एक मेट्रो पैथोलॉजी लैब पर कुछ टेस्ट करने के लिए भेजा था। टेस्ट रिपोर्ट में गड़बड़ होने के चलते डॉक्टर राहुल गोयल द्वारा आरोपी कर्मचारी फैज असलम का विरोध किया गया तो वह अपने साथ कुछ अन्य बदमाशों को लेकर उनके क्लीनिक पर पहुंचा। जान से मारने की धमकी देते हुए बदसलूकी करने लगा। आरोप है कि इस दौरान बदमाशों ने डॉ. राहुल के क्लीनिक पर पथराव करते हुए क्लीनिक पर मौजूद कंपाउंडर से मारपीट कर दी। डॉक्टर ने मामले की जानकारी व्यापार संघ के कार्यकताओं के साथ-साथ अन्य डॉक्टरों को दी। जानकारी मिलने पर व्यापार संघ के कार्यकर्ता और डॉक्टर मौके पर पहुंच गए जिसके पास संयुक्त व्यापार संघ के मंत्री अंकुर गोयल ने युवा मोर्चा के कार्यकताओं के साथ चौकी इंचार्ज का घेराव किया। इसके साथ ही आरोपी पर कारवाई करने की मांग की।

## फर्जी लाइसेंस बनाकर ठगी

### मेरठ पुलिस ने नटवरलाल को गिरफ्तार करके 9 फर्जी लाइसेंस बरामद किए

मेरठ, मेरठ में लाइसेंस के नाम पर लोगों को ठगने और धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को अरेस्ट किया है। इसके पास पुलिस को 9 ड्राइविंग लाइसेंस भी मिले हैं। जिसमें बने हुए और 2 अधबने लाइसेंस हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वो कम समय में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का झांसा देकर लोगों से पैसे ऐंठता था। पुलिस को जेई पुलिया के पास किसी क्रिमिनल के होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर चैकिंग की तो एक युवक खड़ा मिला। जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे बाद में अरेस्ट कर लिया। पूछताछ में बताया कि उसका नाम राहत अली, पुत्र सदाकत अली है। जो बड़ी मस्जिद के पास जेई थाना भावनपुर निवासी है। उसकी चैकिंग की गई तो उसके पास 9 ड्राइविंग लाइसेंस मिले। पूछताछ में राहत ने बताया कि ड्राइविंग लाइसेन्स जल्दी व कम पैसों के खर्च करने के चक्कर का झांसा देकर वो लोगों से पैसे लेता है।

# सेंट जेवियर्स स्कूल में घूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। सेंट जेवियर्स स्कूल, पाण्डेयपार कौड़ीराम के विद्यालय प्रागंण में 75 वां गणतंत्र दिवस बहुत ही भव्य एंव उत्साहपूर्वक मनाया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण संयुक्त रूप से ब्रिजनाथ राय व धर्मेन्द्र चंद एवं प्रबंधक अजीत कुमार सिंह के द्वारा किया गया। माँ ज्ञानदायिनी देवी सरस्वती की आध्यात्मिक पूजा की गई। तत्पश्चात भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा गायन व भाषण आदि कार्यक्रम किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न पोषाकों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों के पात्र को पुर्नजीवित कर दिया। जिसमें स्वतंत्र पाण्डेय ने सुबाष चंद्र बोस, भारत माता के रुप मे मानवी सिंह, अनन्या पाण्डेय ने झांसी की रानी और युवराज सिंह द्वारा चंद्रशेखर आजाद के चरित्र को मंचन के माध्यम से दशार्या गया। समूह नृत्य में देश रंगीला, राम आयेंगे पर सभी आगन्तुक एवं बच्चे झूम गये। कार्यक्रम का संचालक रक्षा थापा एवं राजेश्वर पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर पिंकी मौर्या, निकिता जायसवाल, एकता, राजवंश , चन्दा, रुचि, सुधा, संध्या, पी.एन. मिश्रा, अनिकेत, अंसारी, सन्नी सिंह, उपेन्द्र, आलोक, निखिल मिश्रा आदि शिक्षणगण व अन्य सहकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन प्रणव उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन से किया।

## मंदिर पर प्रसाद लेने गए युवक को पीटा तीन पर एससी/एसटी का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत नगवा निवासी एक युवक अपने बच्चे के साथ जैतपुर स्थित काली मंदिर पर प्रसाद लेने गया था। जिससे तीन युवकों ने उसे प्रसाद देने से मना करते हुए मारा पीटा पुलिस ने तीन के खिलाफ एससी/एसटी, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से गीडा थाना क्षेत्र के हरिनंदन पुत्र चंद्रभान निवासी नगवा 22 जनवरी को शाम 6 बजे जैतपुर स्थित काली मंदिर पर बच्चे के साथ प्रसाद लेने गया हुआ था। वहा मौजूद तीन लोग देखकर जातिसूचक गालियां देते हुए प्रसाद लेने से मना करने लगे थे। विरोध करने पर पंच से मारपीट कर घायल कर दिए। और सिर फट गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने राहुल जायसवाल, दीपक जायसवाल, विष्णु पांडेय के खिलाफ, एससी/ एसटी, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# बांस बल्ली के सहारे चार दर्जन घर में हो रही विद्युत की आपूर्ति

अमन लेखनी समाचार



सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवां ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत भगौरा में विद्युत विभाग की लापरवाही कहे या अव्यवस्था का आलम कहा जाय। ऐसी स्थित में आमजन को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। देखा जाय तो सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत भगौरा में जून 2023 में आंधी पानी आने से विद्युत पोल टूट करा हुआ है। इस विद्युत पोल से करीब चार दर्जन घर में विद्युत की आपूर्ति होती थी। पोल लगाने के लिए उपभोक्ताओं द्वारा टोल फ्री नम्बर और जिम्मेदार अधिकारियों से कई बार शिकायत भी दर्ज कराया गया। लेकिन आठ माह बीत जाने के बाद भी पोल नही लगा। मजबूर होकर उपभोक्ता बांस बल्ली के सहारे विद्युत का उपभोग कर रहे। यह लटकते तार दुर्घटना को भी दावत दे रहे है। उपभोक्ता विनय कुमार सिंह, हरेराम सिंह, बृजेश प्रताप सिंह, सुनील कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह ने बताया की पोल टूट आठ माह बीत चुका है। कई बार जिम्मेदार अधिकारियों से पोल लगाने के लिए शिकायत दर्ज कराया गया। लेकिन पोल नही बदला गया। मजबूर होकर बांस बल्ली के सहारे विद्युत का उपभोग कर रहे। लटक रहे तार से दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। इस संदर्भ में एसडीओ पुष्पेंद्र सिंह ने कहा की जेई को पोल लगाने के लिए निर्देशित किया गया है। जल्द पोल बदल दिया जायेगा।

## हिरन के बच्चे को ग्रामीण ने पकड़ कर वन विभाग को सौंपा



अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। सहजनवा ब्लाक ग्राम पंचायत गंगटही सिवान के बाहर हिरन के बच्चे को कुत्ते काट कर घायल कर रहे थे। उसी दौरान गांव के आदर्श मिश्र उस रास्ते से गुजर रहे थे। कुत्ते के द्वारा हिरन के बच्चे को घायल करते देखकर उसने बाह्मण मोर्चा एकता के संस्थापक संजय मिश्र को जानकारी दी। वह अपने दलबल के साथ हिरन के बच्चे को बचाने पहुंचे। और कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई और 1962 कंट्रोल रूम पर सूचना दिया। सोमवार को वन विभाग की टीम गांव पहुंची और हिरन के बच्चे को लेकर आई। और उसका इलाज करा रही है। इस संदर्भ में वन दरोगा आशुतोष ने कहा की हिरन के बच्चे को लाया गया है। जिसका इलाज कराया जा रहा है।

# उद्योग व्यापार मंडल के सदस्यों का संपन्न हुआ शपथ ग्रहण समारोह

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में 51 सदस्यीय टीम का गठन करते हुए पुष्प माल्यार्पण करते हुए शपथ दिलाई और संघठन के विस्तार पर भी बल दियो उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने उद्बोधन में कहा राष्ट्र के जिम्मेदार नागरिक होने पर हमारी जिम्मेदारी होती है कि हम राष्ट्र हित, व्यापार हित , सामाजिक, जनहित में पूरी निष्ठा के साथ सहभागिता निभाएं नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज कुमार साहू ने शपथ लेते हुए कहा कि व्यापारियों की सेवा का सुयोग्य भार प्राप्त करने का अवसर प्राप्त हुआ है पूरी जिम्मेदारी वह निष्ठा के साथ निभाने का वचन देते हैं, जिला महासचिव आशीष सिंह ने कहा कि जनपद के समस्त तहसीलों कस्बों ,ग्रामों में कार्यकारिणी का अति शीघ्र पुनर्गठन किया जाएगा ,संचालन करते हुए युवा जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि व्यापारी उत्पीड़न बर्दाशत नहीं करेंगे उत्पीड़न का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा मनोनयन समारोह अवसर पर प्रदेश कोर कमेटी के सम्मानित सदस्य प्रेमदत्त उमराव, राकेश गुप्ता, अभिषेक रायजादा ,कृष्ण कुमार तिवारी ,प्रयागराज मंडल अध्यक्ष अनिल वर्मा व मंडल महासचिव चंद्र प्रकाश उर्फ बबलू गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में सम्मानित व्यापारी मनोनयन के साक्षी बने

## पंचायती राज सलाहकार का ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचते किया गया स्वागत



अमन लेखनी समाचार

सहजनवा गोरखपुर गणतंत्र दिवस परेड से वापस लौटे पंचायती राज सलाहकार व प्रधान मदन मुरारी के ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचते ही ब्लाक संघ अध्यक्ष बंशीधर यादव के नेतृत्व में प्रधानों ने उन्हे फूलमालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया। इनके ब्लाक मुख्यालय पर आने की जानकारी प्रधानों को पूर्व में हो चुकी थी। जो दोपहर से ही ब्लाक मुख्यालय में जमा होना शुरू कर दिए। जैसे ही उनका प्रवेश ब्लाक मुख्यालय पर हुआ प्रधान गगनभेदी नारे लगाते हुए स्वागत खाना शुरू कर दिए इस दौरान बीड़ीओ रमेश शुक्ल, श्याम विशाल मिश्र, विजय उर्फ त्रिपुरारी, जोखू, राम गोपाल, उमांकर चौरसिया, रामानंद, सुशील सिंह, जयश्री, गंगा प्रसाद, आनंद यादव जितेंद्र गुप्ता, सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# केंद्रीय मंत्री ने विकास कार्यों का किया शिलान्यास

### सांसद निधि से निर्मित सीसी रोड तथा सामुदायिक मिलन केंद्र का हुआ लोकार्पण

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला




फतेहपुर। जनपद की सांसद केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति द्वारा जनपद में कई सीसी रोड तथा सामुदायिक मिलन केंद्र का शिलान्यास किया गया लोक निर्माण विभाग के परिसर में पहुंची केंद्रीय मंत्री ने सांसद निधि से निर्मित 3 करोड़ 12 हजार रुपए की लागत से जनपद में 25 सीसी रोड तथा दो करोड़ 38 लाख 1000 की लागत से 17 सामुदायिक मिलन केंद्र का एक साथ लोकार्पण किया इसके साथ-साथ अन्य 26 सीसी रोड जिसकी लागत 2 करोड़ 82 लाख 62 000 तथा 33 सामुदायिक मिलन केंद्र जिसकी लागत 4 करोड़ 49 लाख रुपए के विकास कार्य का शिलान्यास किया मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री ने इन विकास कार्यों के साथ-साथ जिला नगरीय विकास अभिकरण द्वारा निर्मित कराई जाने वाली 9 सीसी रोड जिसकी लागत 1 करोड़ 98 लाख 88 हजार रुपए बताई गई उसका भी शिलान्यास किया केंद्रीय मंत्री के सराहनीय प्रयास से जनपद में प्रथम बायोगैस प्लांट अमौली विकासखंड के चांदपुर गांव में प्रस्तावित हुआ जिसकी कार्य योजना तत्काल प्रारंभ होने जा रही है केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में वर्तमान सरकार की विशेषताओं का बखान करते हुए विकास कार्यों का विस्तृत वर्णन किया इस मौके पर जिला सूचना अधिकारी आर एस वर्मा मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना भाजपा पदाधिकारी मधुराज विश्वकर्मा ज्योति प्रवीण मंजू व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रदीप गर्ग समेत भारी संख्या में ग्राम प्रधान व क्षेत्रवासी मौजूद रहे

# मुख्य मार्गों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षक

### साफ सफाई तथा अतिक्रमण हटाने के लिए अधिशासी अधिकारी को किया निर्देशित

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद की जिलाधिकारी सी इंदुमती एवं पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह नेशनल सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जनपद के कई क्षेत्रों समेत बिंदकी तहसील के अनेक मार्गों का औचक निरीक्षण किया जनपद के 50 नंबर गेट के ओवर ब्रिज ससुर खदेरी नदी पुल के पास बांदा सागर रेलवे अंडरपास कस्बा शाह खटौली लदिगवां समेत जोनिहा चौराहे के पास मुख्य मार्ग का जिलाधिकारी ने अवलोकन किया मुख्य मार्ग के बीच में बड़े-बड़े गड्ढे देखने को मिले जहां जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को तत्काल सही करने का निर्देश दिया वही बांदा सागर मार्ग रेलवे अंडरपास में भी कई स्थानों में बड़े-बड़े गड्ढे देखने को मिले जिसके लिए जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता डीएफसी रेलवे को भी अपूर्ण कार्य जल्द पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया कई जगह मार्ग क्षतिग्रस्त मिला तो कई जगह पेड़ों का अवरोध दिखाई दिया जिसके लिए भी जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया जनपद के शाह कस्बे में खतौली गांव एवं लदिगवां में मुख्य मार्ग में फैले अतिक्रमण को जिला अधिकारी ने फैले अतिक्रमण को तत्काल हटाने के लिए निर्देशित किया इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीणा पीडी प्रांतीय खंड अनिल कुमार शील समाजसेवी अशोक तपस्वी अपर जिला अधिकारी अविनाश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे

# बुलंदशहर में मांगों को लेकर धरने पर बैठे किसान

- जल निगम के विरोध में फूटा किसान यूनियन कार्यकताओं का गुस्सा

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलन्दशहर तहसील में किसानों ने जोरदार प्रदर्शन किया। धरने पर बैठे किसान यूनियन कार्यकताओं ने जल निगम के विरोध में जमकर नारेबाजी की। किसान यूनियन टिकैत गुट कार्यकताओं ने गांव में बिछाई जा रही पाइपलाइन के बाद टूटी सड़कों को लेकर विरोध जताया। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दयाचंद त्यागी ने कहा कि सरकार जल योजनाएं चल रही है। जल योजना के अंतर्गत गांव में पाइप लाइन बिछाई जा रही हैं। पाइपलाइन बिछाने के कार्य के दौरान सड़के उखाड़ दी जाती हैं जिनकी मरम्मत तक नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि किसानों के खाते से बैंक में फसल बीमा योजना के अंतर्गत धनराशि काट ली जाती है। लेकिन किसानों को फसलों के मुआवजा के रूप में कुछ नहीं मिलता। किसानों को फसल बीमा योजना के बारे में कुछ नहीं बताया जाता बैंक समय पर बीमा की धनराशि स्वतहई काट लेते हैं। फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों की फसलों में हुए नुकसान का मुआवजा भी दिया जाना चाहिए।

# मेरठ में खेत में निकला 12 फीट लंबा अजगर

### किसानों ने देखा तो सहम गए, वन विभाग की टीम ने पकड़कर सुरक्षित जगह छोड़ा

अमन लेखनी समाचार



मवाना, मेरठ में बहसूमा थाना क्षेत्र के मौडकला में खेत में 12 फीट लंबा अजगर निकलने से खेत पर काम कर रहे किसान और उसके परिजन सहम गए। उन्होंने शोर मचाया। इसके बाद मौके पर भीड़ लग गई। वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर को रेस्क्यू किया। 50 किलो वजन वाले अजगर को सुरक्षित जगह छोड़ दिया गया है। बता दें कि गांव मौडकला निवासी कपिल देशवाल अपने परिजनों के साथ खेत पर कृषि कार्य कर रहे थे। इसी बीच उसे विशाल अजगर दिखाई दिया। जिससे उसके होश उड़ गए। शोर मचाने पर जंगल में काम कर रहे ग्रामीण वहां एकत्रित हो गए। वन विभाग की टीम को सूचित किया गया। इस बीच अजगर को देखने के लिए खेत में भीड़ लग गई। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से विशालकाय अजगर को काफी मशक्कत करने के बाद रेस्क्यू किया और अपने साथ ले गई।

# बीबीसी स्कूल की अंडर-17 टीम बनी विजेता

- आठ स्कूलों ने लिया हिस्सा, 4 विकेट लेकर सौरिश बने मैन ऑफ द मैच

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, बुलंदशहर में बाबूबोधराज कॉन्वेंट स्कूल रेलवे रोड सिकंदराबाद की बीबीसी स्कूल की अंडर-17 क्रिकेट टीम के होनहार छात्रों ने जीत का परचम लहराया। नोएडा के डूसी इलेवन क्रिकेट ग्राउंड में हो रहे क्रिकेट टूनामेंट में अंडर-17 क्रिकेट में आठ स्कूलों की क्रिकेट टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए बीबीसी स्कूल की क्रिकेट टीम ने कोठारी इंटर नेशनल नोएडा को धूल चटाते हुए जीत हासिल की। बीबीसी स्कूल की क्रिकेट टीम ने शानदार आगाज करते हुए मयूर स्कूल नोएडा, मोहन स्कूल गाजियाबाद और जेनेसिस स्कूल की टीमों को करारी हार देते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान दर्ज कराया और पी.एन.एन स्कूल को सेमीफाइनल में हराकर शानदार जीत दर्ज की। फाइनल में बीबीसी की टीम ने कोठारी इंटरनेशनल स्कूल को हराकर फाइनल का खिताब जीता। इसमें पहले बीबीसी ने शानदार बॉलिंग करते हुए कोठारी इंटरनेशनल स्कूल की टीम को 86 रन पर समेट दिया। इसमें शानदार बॉलिंग करते हुए सौरिश चोपड़ा ने अहम चार विकेट झटके और मानव ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट खोकर सात विकेट से जीत हासिल की। इसमें सौरभ श्रीवास्तव ने 26 और राघव चोपड़ा ने 24 रन बनाए। सौरिश चोपड़ा को उनकी शानदार बालिंग के लिए मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार मिला। लक्की अली को बेस्ट फील्डर का पुरस्कार मिला। विद्यालय के डायरेक्टर राम चोपड़ा ने जीत की खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य बच्चों को उन्नति के शिखर पर पहुंचाना है। इनकी उन्नति ही हमारा मुख्य लक्ष्य है।

खास समाचार

## ओबरा पुलिस द्वारा दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में 2 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में महिला सम्बन्धी अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-29.01.2024 को थाना ओबरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-17/2024 धारा-376(2)(ठ),313 भादवि व 5ख(2)/6, 5छ/6 पॉक्सो एक्ट व धारा 3/5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 व धारा 3(2)(५) रउ/रळ अू३ से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1.रवि उर्फ जाँनसन पुत्र गुड़विल, निवासी ओंम चौराहा टोला खैरटिया, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 35 वर्ष 2. महताब पुत्र नईम, निवासी गैस गोदाम रोड़ ओबरा, थाना ओबरा, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 26 वर्ष को समय 11.45 बजे गजराज नगर तिराहे ओबरा से गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा भिन्न-भिन्न स्थान से 13 वारंटीयों को किया गया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 29.01.24 को थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा भिन्न-भिन्न स्थानों से 13 नफर वारण्टी अभियुक्त/अभियुक्तागण गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय भेजा गया।

## स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री आयुष खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का जनपद आगमन पर किया स्वागत

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र।डॉ0 दयाशंकर मिश्र दयालु जी/ स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री आयुष खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन का आज जनपद भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित था।मंत्री जी के जनपद आगमन पर हिन्दुआरी में विधायक सदर भूपेश चैबे, भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा द्वितीय सुशील सिंह, जिला होमियोपैथिक अधिकारी, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहित जनप्रतिनिधिगण व पार्टी पदाधिकारीगण द्वारा पुष्पगुच्छ व गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया।

## खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए सभी युवा वर्ग को जागरूक करने वाले इं. अरविंद राय

अमन लेखनी समाचार



गाजीपुर जिले में अष्ट शहीद इंटर कालेज, मुहम्मदाबाद में आल इण्डिया भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल फुटबाल टूनार्मेंट का उद्घाटन ई0 अरविन्द राय द्वारा हुआ। यह टूनार्मेंट दस दिवासीय है। उक्त प्रतियोगिता मे बिहार ,केरालत,झरखंड ,दिल्ली ,आसाम, कर्नाटक,नेपाल आदि जगहों की टीमो ने प्रतिभाग किया है।पहले दिन का प्रथम मैच धनबाद एवं बिहार के बीच में था जिसमे धनबाद की टीम विजई रही। खेल में अच्छे खिलाड़ी को जागरूक करने वाले इंजीनियर अरविंद राय ने युवा वर्ग को हर प्रकार से मदद करते रहते हैं बच्चों को खेल सामग्री बांटते हैं जो कि वर्तमान समय में खेल प्रेमी के बुलाने पर समय निकाल कर हर समय पहुंचते हैं।आयोजन समिति में तेज बहादुर यादव अध्यक्ष, विरेद्र राय,दिनेश वर्मा, संतोष राय, अमीर हमजा, गुड्डू शर्मा आदि है प्रतियोगिता देखने हजारों दर्शकों ने प्रतिभाग किया।

## गाजीपुर जिले में खेती पर भी पड़ रही मौसम की मार



अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले में शीतलहर के कारण किसान भाइयों को खेती आलू की पैदावार पर झुलसा रोग का प्रकोप, ज्यादा नुकसान होने पर महंगी होगी। शीतलहर और गलन से जहां आम जनजीवन प्रभावित है। वहीं खेती किसानी पर भी इसका बुरा असर देखने को मिल रहा है। खास तौर से जनपद में बड़े पैमाने पर किए जाने वाली आलू की पैदावार कड़ाके की ठंड के बीच झुलसा रोग से बड़े बड़े पैमाने पर प्रभावित हो रही है।जिससे भविष्य में आलू के दामों में वृद्धि की आशंका बनी हुई है।कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. ओमकार सिंह ने किसानों भाई को समय-समय पर पानी और दवा का छिड़काव करें जिससे आलु के पौधे को रोगमुक्त रख सकते हैं।शीतलहर के कारण थोड़ी सी देर हुई तो हम खेती में नुकसान होने लगा।और इस बार आलु की पैदा कमी होनेवाली है जो खेतों में झुलसा रोग लग गया है जो कि आलु छोटे होते हैं।

## मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत धूम-धाम के साथ धार्मिक रीति-रिवाजों से कुल 152 जोड़ों की सरकारी खर्चे पर शादी हुई सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सोमवार को राबर्ट्सगंज ब्लाक क्षेत्र के डायट परिसर उरमौरा में 59 जोड़ों व कोन ब्लाक के गैवन्ती देवी इण्टर कालेज मोहीउद्दीनपुर में 93 जोड़ों की धूम-धाम के साथ धार्मिक रीति-रिवाजों से कुल 152 जोड़ों की सरकारी खर्चे पर शादी सम्पन्न हुईं।जिसमें 150 हिन्दू समाज के व 02 मुस्लिम समाज के जोड़ों की शादी सम्पन्न हुई तथा जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह के निर्देशन में शादी समारोह की सारी जिम्मेदारी जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर ने पूरे टीम के साथ संभाले हुए थे।डायट परिसर में आयोजित शादी समारोह कार्यक्रम में सांसद पकौड़ी लाल कोल, विधायक भूपेश चैबे विधायक घोरावल के प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्य, खण्ड विकास अधिकारी राबट्र्सगंज, अधिकारी व कार्मिकगण की उपस्थिति में धार्मिक पूजा, जयमाल, सिन्दूरदान, शादी के सात फेरे कराकर शादी सम्पन्न करायी गयी।इसी प्रकार से विकास खण्ड कोन में पूर्व एम0एल0सी0 जय प्रकाश चतुर्वेदी, ब्लाक प्रमुख कोन रूबी मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी कोन, प्रधान संघ अध्यक्ष लक्ष्मी शंकर जायसवाल आदि की गरिमामयी उपस्थिति में शादी सम्पन्न करायी गयी। शादी समारोह में भोज का भी आयोजन किया गया, शादी समारोह की तैयारी वर व वधु पक्ष द्वारा धार्मिक रीति-रिवाज के साथ की गयी। बाकायदे बारात आयी, बारात का स्वागत किया गया, वर व वधु पक्ष के लोगों का सेवा सत्कार किया गया, शादी समारोह में जहां हिन्दू समाज के 150 जोड़ों का हिन्दू रीति-रिवाज से शादी सम्पन्न हुई, वहीं 02 मुस्लिम जोड़ों की शादी निकाहनामे के साथ सम्पन्न करायी गयी। घराती व बाराती के पक्ष के जो नागरिक मौके पर पहुंचे सभी का सत्कार किया गया और लजीज पकवान भी खिलाये गये।डायट परिसर में आयोजित शादी समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सदर भूपेश चैबे ने कहा कि भारत व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित किया जाये, इसके लिए योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाये, जिससे कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित न रह सके।इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शादी में वधु को 35 हजार रुपए का स्वीकृति-पत्र और 10 हजार रुपए का घर-गृहस्थी का सामान दिया गया, सामान में विभिन्न प्रकार के बर्तन का सेट, चुनरी, साड़ी शादी के लिए एक सेट, वधु के लिए दो सेट साड़ी, 5 लीटर का प्रेशर कूकर, एक जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी चांदी की बीछिया आदि सरकार की तरफ से दिया गया। सरकार की तरफ से प्रति जोड़ा 51 हजार रुपए का खर्च किया गया।इस मौके पर जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध नागरिकगण, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारियों, मीडिया के पदाधिकारियों सहित वर तथा वधू पक्ष के परिवारजन आदि ने शादी समारोह कार्यक्रम में सकारात्मक सहयोग किया।

## रामपुर बरकोनिया द्वारा 05 नफर वारण्टी को किया गया गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 29.01.24 को थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस द्वारा 05 नफर वारण्टी अभियुक्त/अभियुक्तागण 01.छोटे पुत्र रामविलास, निवासी मऊकला, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 42 वर्ष, 02. रामचरित्तर पुत्र एता, निवासी ग्राम सिल्थम, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 73 वर्ष, 03. राजकरन पुत्र रामचरित्तर, निवासी ग्राम सिल्थम, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 42 वर्ष, 04. बुटुली देवी पत्नी राजकुमार, निवासिनी ग्राम मऊकला, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 55 वर्ष, 05. निर्मला देवी पत्नी राजकुमार, निवासी ग्राम धर्मदासपुर, थाना रामपुर बरकोनिया, जनपद सोनभद्र उम्र लगभग 40 वर्ष को गिरफ्तार कर मा० न्यायालय भेजा गया है।

## नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने पद्मश्री से सम्मानित हुए खलील अहमद को घर पहुंचकर किया सम्मानित



अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर - नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने पद्मश्री से सम्मानित मीरजापुर के कालीन शिल्पकार खलील अहमद के घर पहुंचकर अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया नपाध्यक्ष ने कहा की कालीन शिल्पकार खलील अहमद ने मीरजापुर के मांन सम्मान को बढ़ाया है इससे पहले अजीता श्रीवास्तव ने भी मीरजापुर के गौरव को बढ़ाया था मीरजापुर की पहचान कजली गीत को उर्मिला श्रीवास्तव और अजीता श्रीवास्तव ने पूरे देश में ख्याति प्राप्त की है कालीन उद्योग को खलील अहमद ने जीवंत रखा है लगभग पांच हजार लोगो को उन्होने सिखाकर एक नया कीर्तिमान बनाया है हमारे शहर में ऐसी विभूतियां है जिन्होंने देश प्रदेश और अंतराष्ट्रीय स्तर पर जनपद के नाम को रोशन किया है हमारी सरकार ने इन सभी को पद्मश्री जैसे सम्मान से नवाजा है अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया है उर्मिला श्रीवास्तव और खलील अहमद आगामी 15 अगस्त के दिन सम्मानित भी किया जायेगा इसके साथ इन दोनो के लिए जो भी संभव हो सकेगा वो पालिका की तरफ से सुविधा भी दी जायेगी इस मौके पर सभासद धीरज सोनकर शिवम कुमार अजय मोदनवाल रूपेश यादव मो.गुलजार रतन बिंद रमन सिंह गुलशन पाठक इस्तेखार अहमद नितिन गुप्ता गब्बर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एससीएल की कृष्ण शिला परियोजना में हुआ बड़ा हादसा श्रमिक की गई जान

बीना सोनभद्र। स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्रान्तर्गत एनसीएल की कृष्णशिला कोयला परियोजना में ओबी हटाने का कार्य करने वाली संविदा कम्पनी के०एन०आई० में खदान सुरक्षा में हुई भारी चूक का खामियाजा सोमवार को एक श्रमिक को जान देकर चुकाना पड़ा। जानकारी के अनुसार चंदौली निवासी गुलाबचंद के०एन०आई० मैकेनिकल श्रमिक था, कार्य करने के दौरान अन्य वाहन की चपेट में आ गया, जिसकी वजह से उसकी मृत्यु हो गयी।खबर लिखे जाने तक स्थानीय पुलिस को तहरीर नही दी गयी है।वही एनसीएल प्रबधंन ने नियमानुसार मृतक को मुवावजे की कार्यवाही शुरू कर दी थी। खान दुर्घटना के मामले में डीजीएमएस द्वारा जांच की जाती है, जांचोपरांत घटना किसकी लापरवाही से हुई है, यह पता चल पाएगा। बता दे कि बीते माह सम्पन्न हुए वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह में कृष्णशिला को आउटसोर्सिंग के लिए प्रथम पुरस्कार मिला था।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

- समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, प्रमुख मार्गो, स्कूल/कॉलेजों आदि पर की जा रही चेकिंग
- महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक
- बेवजह घूमने वाले मनचलो/सोहदों की चेकिंग कर दी जा रही कड़ी चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं/बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान मिशन शक्ति अभियान का चतुर्थ चरण चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 29.01.2024 को नारी सुरक्षा/ नारी सम्मान /नारी स्वावलंबन के प्रति पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दिदि/महिला बीट आरक्षियों/ एण्टीरोमियों टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत अपने-अपने बीट/गांव/स्कूल/कॉलेज में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा ॒मिशन शक्ति॒ के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/ महिलाओं को जागरूक किया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरीत कर जागरूक किया गया।

## गैंगस्टर एक्टः दोषी सगे भाइयों को 4- 4 वर्ष की कैद

### 5- 5 हजार रुपए अर्थदंड , अर्थदंड न देने पर एक - एक माह की अतिरिक्त कैद

- जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी/सीएडब्ल्यू सोनभद्र परितोष श्रेष्ठ की अदालत ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सगे भाइयों मिथिलेश जायसवाल और व्यासजी जायसवाल को 4- 4 वर्ष की कैद एवं 5- 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक - एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक थानाध्यक्ष बीजपुर हरिश्चंद्र सरोज ने बीजपुर थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 30 सितंबर 2018 को पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में था तो पता चला कि मिथिलेश जायसवाल और व्यासजी जायसवाल पुत्रगण विष्णुकांती जायसवाल निवासी सिरसोती, थाना बीजपुर, जिला सोनभद्र का एक सक्रिय गैंग है, जिसका मिथिलेश जायसवाल गैंग लीडर है। इनके विरुद्ध हत्या का मुकदमा विचाराधीन है। लोगों में भय पैदा कर आर्थिक लाभ हेतु कार्य करना इनलोगो का एकमात्र कार्य है। यहीं वजह है कि इनके विरुद्ध कोई भी मुकदमा लिखवाने अथवा गवाही देने की जुर्रत नहीं करता है।जिसकी वजह से इनका वर्चस्व कायम है।इस तहरीर पर 30 सितंबर 2018 को बीजपुर थाने में गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज किया गया था। विवेचना के उपरांत पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। इसी मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर गैग लीडर मिथिलेश जायसवाल और व्यासजी जायसवाल को 4- 4 वर्ष की कैद एवं 5- 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक- एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर कोर्ट धनंजय शुक्ला एडवोकेट ने बहस की।

## बभनी पुलिस ने 01 गांजा तस्कर को किया गिरफ्तार

- कब्जे से 01 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करी करने वाले तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाया गया है, इसी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी दुद्धी के पर्वेक्षण में दिनांक-29.01.2024 को थाना बभनी पुलिस की टीम द्वारा नवाटोला तिराहे से एक अभियुक्त शिव कुमार सिंह पुत्र स्व0 रामलाल, निवासी ग्राम नवाटोला, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र उम्र करीब 45 वर्ष को 01 किलो 600 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। इस गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-15/2024 धारा 8/20 ठऊढर अू३ का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पतंजलि योग परिवार राबट्र्सगंज इकाई द्वारा किया गया आयोजन

## योग साधक ही योग कक्षा की जान-रवि प्रकाश त्रिपाठी

- सर्वश्रेष्ठ योग साधकों को टी शर्ट देकर किया गया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पतंजलि योग परिवार रावटसगंज इकाई द्वारा सोमवार को पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी के जन्मदिवस पर सर्वश्रेष्ठ योग साधकों का ३ शर्ट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी ने सभी लोगों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि योग साधक ही योग कक्षा की जान हैं। प्रमुख मार्गदर्शकों रमेश राम पाठक , एसपी सिंह, ओम प्रकाश यादव, सुनील कुमार श्रीवास्तव, शेषमणि तिवारी, भारत स्वाभिमान के जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, किसान सेवा समिति के जिला संगठन मंत्री मोहर देव पांडेय, मिठाई लाल सोनी, विमला इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिवनारायण लाल श्रीवास्तव, चंद्र बहादुर सिंह,दिनेश लाल श्रीवास्तव, विनोद कुमार मिश्रा की उपस्थिति में सोमवार को पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी के जन्मदिवस पर सर्वश्रेष्ठ योग साधकों का सम्मान किया गया। जिन योग साधकों का सम्मान हुआ है,ये एक ऐसे योग साधक है जो 365 दिनों में शायद ही कभी विषम परिस्थितियों में ही अनुपस्थित रहे हो। सोनभद्र बार सभागार नियमित योग कक्ष से रूप नारायण सिंह, मंडी योग समिति से एस0पी0मेहता, राजस्थान भवन /मारवाड़ी धर्मशाला से लक्ष्मी नारायण पांडेय, दंणईत बाबा नियमित योग कक्ष से,गोपाल दास केशरी,22 जनवरी 2024 को भव्य राम दरबार सजाने के लिए अजय कुमार पांडेय, पतंजलि योग के हर कार्यक्रम में अपने मधुर गीतों से सुशोभित करने वाले दयानंद मौर्य को प्रमुख मार्गदर्शकों द्वारा टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। मार्गदर्शको एवं योग साधकों द्वारा पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी को भारतीय परंपरा के अनुसार रोली व चंदन लगाकर जन्म दिवस की अशेष बधाई व शुभ कामना दी गई तथा उनके स्वस्थ व दीघार्यु की कामना की गई। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी रवि प्रकाश त्रिपाठी ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर सभी योग साधकों को बधाई देने के लिए ह्रदय से आभार प्रकट किया तथा कहा की योग साधक ही योग कक्षा की जान है।इस मौके पर किसान सेवा समिति जिला प्रभारी अरुण कुमार यादव ,तहसील प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, पन्नालाल सोनी, गोपाल दास केसरी ,डॉ मनोज चौधरी, धनंजय कुमार मिश्रा, राजू प्रसाद सोनी, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार सिंह, उमेश कुमार तिवारी, धर्मेंद्र कुमार चौरसिया ,नागेद्र नाथ चौबे, प्रेम प्रकाश शुक्ला, रामसेवक पांडेय, अनुराग चौबे,समेत काफी संख्या में योग साधक उपस्थित रहे।दयानंद मौर्य द्वारा बहुत ही सुंदर गीत प्रस्तुत की गई, कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रमेश राम पाठक व संचालन वरिष्ठ योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## नहीं रहे बाबू जे.पी. तिवारी लोगों में शोक की लहर

सोनभद्र - रविवार की देर रात स्थानीय अवकाश नगर निवासी 95 वर्षीय बाबूजी जे.पी. तिवारी ( जनार्दन प्रसाद तिवारी ) ने अपने परिवार के बीच अंतिम सांस ली।पूर्व मध्य रेलवे चोपन में सीनियर सेक्शन इंजीनियर पद से करीब तीन दशक पूर्व वर्ष 1990 में सेवानिवृत्त होने वाले स्व.तिवारी जी अपने सरल स्वभाव और कठोर अनुशासन प्रिय व्यक्तित्व के कारण समाज में अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे।पूरे सेवा काल में आपने रेलवे को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी सेवायें दी।आपके तीन पुत्रों में ज्येष्ठ पुत्र ओम प्रकाश तिवारी जहां रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी तो हैं वहीं द्वितीय पुत्र संतोष कुमार तिवारी स्थानीय रेल कर्मचारी इंटर मीडिएट कालेज चोपन में शिक्षक और छोटे पुत्र सुनील तिवारी जनपद के वरिष्ठ पत्रकार और डी डी न्यूज सोनभद्र के संवाददाता हैं। आपके सभी पौत्र भी विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर सेवारत हैं। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार सोननदी घाट पर सम्पन्न हुआ जहां जनपद एवं नगर के राजनैतिक सामाजिक संगठनों, पत्रकारों, शिक्षकों एवं प्रबुद्ध जनों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फाइटर...

**मुंबई।** फिल्म फाइटर को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉस मिल रहा है। सिर्फ 4 दिनों के अंदर फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर भी यह धुंआधार कमाई कर रही है। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो पिछले 4 दिनों में फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 105 करोड़ 45 लाख रुपए की कमाई कर चुकी है। फाइटर के वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस की बात करें तो विश्व स्तर पर फिल्म की कमाई के आंकड़े ट्रेड विशेषज्ञ विजयबालन ने जारी किए हैं।

लाइफ Style


# जाह्नवी

## सूर्या संग लड़ाएंगी इश्क

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जूनियर एनटीआर संग काम करने के बाद जाह्नवी कपूर के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें वह एक और साउथ सुपरस्टार के साथ इश्क लड़ाती हुई दिखाई देंगी। इस फिल्म को राकेश ओम प्रकाश मेहरा डायरेक्ट करेंगे। यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी।

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी ने बॉलीवुड के बाद साउथ इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने शुरू कर दिए हैं। खबर है कि उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें एक्ट्रेस साउथ सुपरस्टार सूर्या के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, जाह्नवी और सूर्या पहली बार एक पीरियड ड्रामा फिल्म में साथ दिखाई देंगे। बता दें कि फिलहाल एक्ट्रेस कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित फिल्म देवरा से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू कर रही हैं। फिल्म में वह साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ दिखाई देंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन दिनों जाह्नवी के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। पिछले दिनों ही उनकी अपकमिंग फिल्म देवरा का टीजर सामने आया था, जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म देखने के लिए बेताब हो गए हैं। बता दें कि देवरा में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। वहीं जाह्नवी थंगम के रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा फिल्म में सैफ अली खान भी हैं। वह इसमें विलेन के रोल में दिखाई देंगे। पहले देवरा अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसकी रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है। अब इसे साल के आखिरी में रिलीज किया जा सकता है।



हॉलीवुड मसाला



## जुए की लत ने किया बर्बाद

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस किम जोलिसक की मुश्किलें काफी बढ़ गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जुए की लत ने हीरोइन को बर्बाद कर दिया। पति का आरोप है कि एक्ट्रेस को जुए की लत थी। दोनों पति पत्नी के बीच तलाक हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस हीरोइन ने अपना एक कपड़ा 4 लाख 90 हजार में बेचा। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक सूत्र का दावा है कि एक्ट्रेस के छह बच्चे हैं। जिनके लिए उन्होंने महंगे और ढेर सारे तोहफे खरीदने के लिए अपने डिजाइनर कपड़े और एक्सेसरीज बेच दी हैं।



## पेरिस में स्पॉट हुईं रीटा ओरा

**लॉस एंजेलिस।** म्यूजिश्यन रीटा ओरा हॉलीवुड इंडस्ट्री की चर्चित हसीनाओं में से एक हैं। रीटा ओरा अक्सर अपने लुक्स से फैंस की नींद उड़ा देती हैं। हाल ही में एक बार फिर रीचा ने अपने अंदाज से लोगों के होश उड़ा दिए। दरअसल रीटा ओरा को पेरिस के एक होटल के बाहर देखा गया। इस दौरान रीटा ओरा का बोल्ड लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो 33 साल की सिंगर क्रॉप टॉप, लो राइज स्नेक प्रिंट फ्लेयर्स में हॉट दिखीं। ठंड से बचने के लिए हसीना ने फर वाली जैकेट, स्कार्फ पेयर किया था। फुटविअर की बात करें तो रीटा ओरा ने ब्राउन शूज से लुक को स्टाइल किया। अपने लंबे ब्राउन बालों को ओपन रखते हुए हसीना ने मिनिमल मेकअप से लुक को पूरा किया।



## अब सोभिता ने किया हॉलीवुड का रुख

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री फिल्म मंकी मैन के साथ देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खीच रहा है। नेटफ्लिक्स की सीरीज और फिल्मों में बैक टू बैक धाक जमाने के बाद शोभिता धुलिपाला ने हॉलीवुड का रुख कर लिया है। इस हॉलीवुड डेब्यू के साथए सोभिता ने न सिर्फ अपनी अभिनय क्षमता की वर्सेटिलिटी दिखाई है बल्कि हॉलीवुड में और वैश्विक दर्शकों के दिलों में भी आगे बढ़ने का रास्ता बनाया है।



## नवाजुद्दीन ने किया अपनी कमाई का खुलासा

**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में गिने जाने वाले दिग्गज अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी काफी समय से वह अपनी फिल्म सैंधव को लेकर चर्चा में हैं। नवाजुद्दीन फिल्मों में लीक से हटकर किरदार निभाने के लिए पहचाने जाते हैं। अभिनेता ने इंडस्ट्री में अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि वो लगभग कितना पैसा कमाते हैं। उन्होंने बताया कि वह खूब कमाते हैं। जब उनसे पूछा गया कि 10 करोड़ या उससे ज्यादा तो उन्होंने कहा कि उसके आसपास। एक्टर ने इस बात का भी खुलासा किया कि वह फिल्में सिर्फ पैसा कमाने के लिए करते हैं, जिससे आगे चलकर वह बिना कोई पैसा लिए कुछ फिल्मों में काम कर सके, जिनकी स्क्रिप्ट उनके दिल को भा जाए।

## अब कन्नड़ फिल्म में डेब्यू करेंगी नोरा...

**मुंबई।** नोरा फतेही ने केवीएन प्रोडक्शंस के साथ दो फिल्मों के लिए नई डील साइन की है। नोरा तेलुगु के बाद अब कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में उनके अभिनय की शुरुआत करेंगी। केडी द डेविल नामक प्रोजेक्ट में नोरा की बेजोड़ डांस प्रस्तुत करेंगी। जाने माने कन्नड़ फिल्म निर्माता प्रेम द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक शानदार दृश्य बनने के लिए तैयार है। वह कहते हैं, नोरा फतेही काम के लिए बहुत समर्पण और फोकस के साथ आती हैं। मुझे इस ग्लोबल सेंसेशन पर बहुत भरोसा है और विश्वास है कि यह अनोखा जुड़ाव फिल्म को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। नोरा ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह सहयोग नए दर्शकों से जुड़ने और कर्नाटक में कहानी कहने की परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने का एक रोमांचक अवसर है।



## उल जलूल इश्क में नजर आएंगी फातिमा सना...

*__मुंबई।__ एक्ट्रेस फातिमा सना शेख जल्द ही फिल्म उल जलूल इश्क में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ और भी कई टैलेंटेड एक्टर्स दिखेंगे। फिल्म उल जलूल इश्क में नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा और शारिब हाशमी जैसे एक्टर्स भी अहम भूमिका निभाते नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए पूरी टीम पंजाब पहुंच चुकी है। हाल ही में ये एक्ट्रेस विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर में नजर आई थीं। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में फातिमा सना शेख भारत की दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में दिखी थी। इस किरदार में अपने शानदार अभिनय से एक्ट्रेस ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया था। फातिमा सना शेख कहती है कि दंगल को 7 साल हो गए हैं। एक ऐसी फिल्म, जिससे मैंने सनेमा में मेरी शुरुआत हुई और मुझे खुशी के आंसू और शाश्वत यादें दीं। दंगल से लेकर धक धक तक मेरा फिल्म करियर खुशियों, आंसुओं और दुखों के साथ भावनाओं की उतार चढ़ाव से भरा रहा है।*



## रोबोट का किरदार निभाने वाली बनीं पहली एक्ट्रेस

**मुंबई।** कृति सेनन अपमकिंग फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में शानदार भूमिका निभाती नजर आएंगी, जो कि सिफरा नाम की एक रोबोट की है। ऐसा करके कृति न केवल एक अनोखे किरदार की शुरुआत कर रही हैं बल्कि सिल्वर स्क्रीन पर रोबोट का किरदार निभाने वाली बॉलीवुड की पहली एक्ट्रेस भी बन गई हैं। बता दें कि कृति अपने किरदार की जटिलताओं को सहजता से पेश करती हैं। रोबोट की भूमिका निभाना कोई आसान बात नहीं है, खासकर के जब संसारिक रूप से अंदर की भावनाओं को व्यक्त करने की चुनौतियों का सामना करते हैं। हालांकि ऐसा लगता है कि कृति ने इस कला में महारत हासिल कर ली है। कई प्रकार के कौशल का प्रदर्शन करते हुए, जो उनके अभिनय कौशल की गहराई को उजागर करते हैं। वह दोनों हाथों से सहजता से खाना पकाने, बेजान आचरण अपनाने, मैकेनिकल फेस के साथ भावनाएं व्यक्त करने, पीछे की ओर झुकने और कई अन्य पलों में अपनी काबिलियत दिखाती है, जो एक रोबोट की प्रामाणिकता को बनाए रखते हैं। ये सभी कृति की सीमाओं को पार करने और एक रोबोट जैसे अनोखे किरदार को निभाने के साथ आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करने की कमिटमेंट को प्रदर्शित करते हैं।



## नेशनल फिल्म अवॉर्ड विजेता होने के बाद मिथुन चक्रवर्ती को झेलना पड़ा था रिजेक्शन

**मुंबई।** 70-80 के दशक में एक्टर्स को स्टार बनाने में उनकी प्रतिभा के साथ ही उनके लुक्स का भी बड़ा योगदान होता था। 70 के दशक में बॉलीवुड में एक ऐसे सुपरस्टार उभरे, जिन्हें कभी उनके रंग रूप के चलते फिल्मों में काम नहीं मिलता था लेकिन फिर समय ने ऐसी करवट ली कि वह उस दौर के सभी लीडिंग एक्टर्स पर भारी पड़ने लगे। मिथुन चक्रवर्ती ने 1976 में क्रिटिक्स द्वारा प्रशंसित मृणाल सेन की फिल्म मृगया से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म में अपने शानदार अभिनय से उन्होंने दर्शकों के साथ ही क्रिटिक्स को भी मंत्रमुग्ध कर दिया था। मृगया में लाजवाब अभिनय के लिए मिथुन चक्रवर्ती को नेशनल फिल्म अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्टर मिला था।



### बेस्ट एक्टर होने के बाद भी नहीं मिली फिल्में

डेब्यू फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलना किसी भी एक्टर के लिए छोटी बात नहीं है। ऐसे में हर एक्टर को उम्मीद होती है कि पहली फिल्म से ही बेशुमार सफलता पाने के बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग जाएगी लेकिन असल में मिथुन की परिस्थितियां इसके बिल्कुल उलट थीं। नेशनल फिल्म अवॉर्ड विजेता होने के बावजूद उन्हें इंडस्ट्री में कई बार रिजेक्शन झेलना पड़ा था।

### काले रंग के चलते कोई नहीं करता था साथ काम

एक्टर ने अपने पुराने इंटरव्यूज में कई बार इस बात का जिक्र किया था कि स्टारडम पाने की उनकी राह बिल्कुल भी आसान नहीं थी। डेब्यू फिल्म से क्रिटिक्स की खूब वाहवाही लूटने के बाद भी एक्टर को फिल्म इंडस्ट्री में आसानी से काम नहीं मिलता था। मिथुन चक्रवर्ती ने बताया था कि उनके काले रंग की वजह से कोई भी टॉप एक्ट्रेस उनके संग काम करने को तैयार नहीं होती थी ऐसे में जीनत अमान उनके लिए फरिश्ता साबित हुई थीं।

### जीनत अमान बनीं फरिश्ता

उस दौर में जब एक्ट्रेसेज मिथुन का नाम सुनते ही फिल्में रिजेक्ट कर दिया करती थीं उस वक्त सिर्फ जीनत अमान ही थीं जो उन्हें गुड लुकिंग समझती थीं। जीनत अमान ने मिथुन संग फिल्म करने के लिए हामी भर उनकी किस्मत पलट दी। एक्ट्रेस संग सुपरहिट फिल्म देने के बाद मिथुन चक्रवर्ती ने कभी अपने करियर में पीछे मुड़कर नहीं देखा।